दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 332 जयपुर, मंगलवार, 01 अगस्त, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

**चलती ट्रेन में नरसंहार:** आरोपी जवान ने पेंट्री कार और दो बोगियों में जाकर की 12 राउंड फायरिंग

# RPF जवान ने की ASI और 3 यात्रियों की गोली मारकर हत्या

बेधड़क | जयपुर

आरपीएफ के एक कांस्टेबल चेतन सिंह ने सोमवार को जयपुर-मुंबई सुपरफास्ट ट्रेन में महाराष्ट्र के पालघर स्टेशन के पास एक चलती ट्रेन में अपने स्वचालित हथियार से फायरिंग कर एक एएसआई समेत चार लोगों की हत्या कर दी।

आरोपी ने पहले बी 5 बोगी में आरपीएफ के ही एएसआई टीका राम मीणा और एक यात्री की गोली मारकर हत्या की। फिर वह बी 6 में गया और एक यात्री को गोली मारी और बी 5 व बी 6 बोगी के बीच पेंट्री कार में भी एक यात्री की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद सुबह 5 बजकर 59 मिनट पर यात्रियों द्वारा जंजीर खींचने पर ट्रेन मुंबई के मीरा रोड और दहिसर स्टेशनों के बीच रुकी, तो वह उतर कर भागने लगा। तभी जीआरपी के जवानों ने उसे दबोच हथियार कब्जे में लिया। मुंबई से पालघर करीब 100 किमी है।



मृतक यात्रियों की पहचान अब्दुल कादिरभाई भानपुरवाला (48), अख्तर अब्बास अली (48) और सदर मोहम्मद हुसैन के रूप में हुई है। एएसआई मीणा सवाई माधोपुर के रहने वाले थे। वे 2025 में रिटायरमेंट होने थे। शवों को बोरीवली स्टेशन पर उतारा गया। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृतक एएसआई मीणा के परिजनों के लिए 25 लाख की अनुग्रह राशि की घोषणा की गई है। मीणा के परिवार में उनकी पत्नी, 25 वर्षीय बेटा और 18 व 20 साल की दो बेटियां हैं।



मृतक एएसआई टीका राम मीणा

## सवाईमाधोपुर के थे मृतक अधिकारी टीका राम मीणा



### आरोपी अपने कृत्य को ठहरा रहा उचित

जीआरपी आयुक्त रवींद्र शिस्वे ने संवाददाताओं को बताया कि यह घटना तड़के पांच बजे के बाद हुई जब मुंबई जाने वाली जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस वापी स्टेशन (गुजरात) पार कर चुकी थी। आरोपी ने ये हत्याएं क्यों की, इसकी जांच व पूछताछ जारी है। शिस्वे से उस वीडियो के बारे में पूछा गया, जिसमें आरोपी कांस्टेबल कथित तौर पर शवों के पास खड़ा होकर अपने कृत्य को उचित ठहरा रहा है, तो शिस्वे ने कहा कि वीडियो क्लिप की अन्य सामग्रियों के साथ जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि चलती ट्रेन में यह इस तरह की पहली घटना है। आरोपी आरपीएफ कांस्टेबल बहुत गुस्सैल स्वाभाव का है।

### मुंबई पुलिस करेगी जांच

जीआरपी ने घटना के बाद आरोपी के हथियार से आठ कारतूस बरामद किए। रेलवे के अनुसार उत्तर प्रदेश के हाथरस का रहने वाला आरोपी मीरा रोड रेलवे पुलिस की हिरासत में है। उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार आरोपी कांस्टेबल को पिछले मार्च में भावनगर से मुंबई स्थानांतरित कर दिया गया था और वह हाल ही में हाथरस गया था और 17 जुलाई को ड्यूटी पर लौटा था।


## जरूरी खबर

### बीजू जॉर्ज जोसफ बने जयपुर के नए पुलिस कमिश्नर



**जयपुर।** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी बीजू जॉर्ज जोसफ जयपुर के नए पुलिस कमिश्नर होंगे। आधी रात बाद कार्मिक विभाग से जारी आदेश के अनुसार मौजूदा पुलिस कमिश्नर आनंद कुमार श्रीवास्तव अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, कानून एवं व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगे। जोसफ अभी तक अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, सतर्कता के पद पर कार्यरत थे।

### मिस्त्री को कांग्रेस ने लगाया राजस्थान पर्यवेक्षक



**जयपुर।** कांग्रेस ने इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सोमवार को वरिष्ठ पर्यवेक्षकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की, जिनमें मधुसूदन मिस्त्री को राजस्थान के वरिष्ठ पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके साथ शशिकांत सेंथिल को पर्यवेक्षक लगाया गया है। मिस्त्री गांधी परिवार के बेहद निकट माने जाते हैं। वे एआईसीसी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष रह चुके हैं। वे 2014 में लोकसभा चुनाव में वड़ोदरा सीट से नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़े थे।

### ओलावृष्टि प्रभावित प्रदेश के 2,588 गांव अभावग्रस्त घोषित



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को कृषि आदान-अनुदान का भुगतान करने के लिए 15 जिलों के 2,588 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया। फसल के 33% से अधिक खराबे की रिपोर्ट पर अजमेर का 1, अलवर के 42, बारां के 4, बाड़मेर के 1,310, बीकानेर के 136, बूंदी के 6, भरतपुर के 393, धौलपुर के 29, श्रीगंगानगर के 6, हनुमानगढ़ के 56, जालोर के 292, झालावाड़ के 96, कोटा के 9, नागौर के 98 तथा उदयपुर के 110 गांव अभावग्रस्त घोषित किए गए हैं।

**नूंह में निकाली गई भगवा यात्रा के दौरान दो समुदायों के बीच हिंसा**

# दो होम गार्ड की मौत दर्जनों गाड़ियां फूंकी

## हिंसा की खबर फैलते ही सोहना बाईपास पर भी शुरू हुआ बवाल

एजेंसी | नूंह

हरियाणा के नूंह में विश्व हिंदू परिषद की ओर से निकाली गई भगवा यात्रा के दौरान पथराव और फायरिंग की घटना के बाद हिंसा फैल गई। इस हिंसा में दो होमगार्ड की मौत हो गई, जबकि दो पुलिस अधिकारी गोली लगने से घायल हो गए हैं। भीड़ ने दर्जनों वाहन भी फूंक दिए। नूंह के आसपास शहरों में धारा 144 लागू कर दी गई है। साथ ही, इंटरनेट सेवा भी दो अगस्त तक बंद कर दी गई है।

इस हिंसा की खबर फैलते ही सोहना बाईपास में बवाल छिड़ गया है। वहां भी दो समुदाय के लोगों के बीच जमकर पथराव हुआ। उधर, बहादुरगढ़ में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने सेक्टर 9 मोड़ पर जाम लगाने का प्रयास किया।

पुलिस के अनुसार विश्व हिंदू परिषद की 'बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा' को नूंह में खेड़ला मोड़ के पास युवकों के एक समूह ने रोका और पथराव करने लगे। जुलूस में शामिल कम से कम चार कारों में आग भी लगा दी गई। कुछ पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। तब जुलूस में शामिल लोगों ने पलटवार करते हुए उन्हें रोकने वाले युवकों पर पथराव किया। जलाभिषेक यात्रा को भाजपा की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने गुरुग्राम के सिविल लाइंस से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। जुलूस के साथ पुलिस की एक टुकड़ी भी तैनात गई थी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसूगैस का इस्तेमाल के साथ हवाई फायर भी करने पड़े।

- आपस में भारी पथराव के साथ ही तीन दर्जन से अधिक वाहन फूंके
- तनाव के चलते धारा 144 लागू, इंटरनेट 2 अगस्त तक बंद
- पुलिस को आंसूगैस छोड़ने के साथ हवाई फायर भी करने पड़े



### पलवल और फरीदाबाद में स्कूल रहेंगे बंद





नूंह हिंसा का असर हरियाणा के कई जिलों में देखने को मिल रहा है। नूंह, गुरुग्राम के साथ ही फरीदाबाद और पलवल में भी धारा 144 लागू कर दी गई है। मंगलवार को सभी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। साथ ही, सभी जगह 31 जुलाई को रात साढ़े आठ बजे से 2 अगस्त रात 11:30 बजे तक इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

**डीएसपी और इंस्पेक्टर को लगी गोली:** हिंसा में डीएसपी सज्जन सिंह को सिर में कई गोलियां लगी हैं जबकि गुरुग्राम के सेक्टर 40 के क्राइम यूनिट इंचार्ज इंस्पेक्टर संदीप कुमार को पेट में गोली लगी है। एएसआई देवेंदर कुमार भी घटना में घायल हुए हैं।

**2500 लोगों ने मंदिर में ली शरण:** हरियाणा के नूंह में बड़े पैमाने पर हिंसा भड़कने के बाद लगभग 2,500 लोगों ने गुरुग्राम के पास एक मंदिर में शरण ली। तनाव ग्रस्त इलाके में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है। करीब 20 लोग घायल हो गए हैं।

**एक वीडियो बताया जा रहा वजह:** कुछ दावों के मुताबिक बल्लभगढ़ में एक बजरंग दल कार्यकर्ता का सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया एक वीडियो झड़प की वजह बना। ऐसी भी खबरें थीं कि राजस्थान में एक समुदाय के लोगों की हत्या का आरोपी मोनू मानेसर को जुलूस में शामिल होना था। वैसे, मोन ने इस जुलूस में नहीं आया।

### भरतपुर में अलर्ट

भरतपुर के नासिर जुनैद हत्या में नामजद आरोपी मोनू मानेसर का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें मोनू मानेसर ने भगवा यात्रा में अपनी टीम के साथ शामिल होने की बात कहते हुए एक वीडियो सामने आया है। जबकि भरतपुर पुलिस लगातार मोनू मानेसर सहित कई आरोपियों की तलाश कर रही है। नूंह में निकाली जा रही भगवा यात्रा को लेकर भरतपुर से सटे हरियाणा बॉर्डर वीवा पर अलर्ट किया हुआ है, जिससे हरियाणा का कोई प्रभाव भरतपुर में न पड़े। भरतपुर के पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने बताया कि हरियाणा से सटी सीमा पर कड़ी नाकेबंदी कर दी गई है। भरतपुर में सोशल मीडिया नजर रखी जा रही है।

**मणिपुर की घटना:** SC सख्त, कहा... बनाएंगे कमेटी

# महिलाओं की नग्न परेड और गैंगरेप 'भयावह': सीजेआई

## ■ कहा... नहीं चाहते राज्य पुलिस मामले को देखे

एजेंसी | नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय ने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने के वीडियो को सोमवार को "भयावह" करार दिया और दर्ज प्राथमिकियों के सिलसिले में अब तक हुई कार्रवाई के बारे में जानकारी मांगी। अदालत ने कहा कि वह नहीं चाहती कि राज्य की पुलिस मामले की जांच करे, क्योंकि उन्होंने महिलाओं को वस्तुतः दंगाई भीड़ को सौंप दिया था। मणिपुर में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न और हिंसा की घटनाओं पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने सख्त रवैया अपनाया है। केंद्र ने इस मामले की सीबीआई जांच की बात कही। तो, सीजेआई ने हिंसा के मामलों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक समिति के गठन की भी बात कही। उन्होंने कहा कि इन मामलों की जांच के लिए सीबीआई और एसआईटी पर ही भरोसा करना काफी नहीं होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लोगों को न्याय मिल सके। पहले ही काफी समय गुजर चुका है। तीन महीने बीत चुके हैं और लोग अब तक न्याय के इंतजार में हैं। कोई प्रक्रिया तक शुरू नहीं हुई है। पीठ ने मणिपुर हिंसा से संबंधित विभिन्न याचिकाओं को सुनवाई के लिए मंगलवार को सूचीबद्ध किया है।




### प्राथमिकी में 14 दिन क्यों लगे?

पीठ ने कहा कि महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने का वीडियो 4 मई को सामने आया था, ऐसे में पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने में 14 दिन क्यों लगे। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, "पुलिस क्या कर रही थी? वीडियो मामले से संबंधित प्राथमिकी दर्ज होने के एक महीना और तीन दिन बीतने के बाद 24 जून को मजिस्ट्रेट अदालत को क्यों भेजी गई?"

## गुजरात से बेहतर हमारी सड़कें: मुख्यमंत्री गहलोत

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास से 2,422 करोड़ रुपए की लागत से 1,514 गांवों में बनने वाली सड़कों का शिलान्यास किया और कहा कि सुगम सड़क मार्ग से राज्य की विकास गति को बल मिला है। किसी भी राज्य के विकास में सड़कों की अहम भूमिका होती है। आज गुजरात से बेहतर हमारी सड़कें हैं। हर गांव-ढाणी को मजबूत सड़कों से जोड़ने का संकल्प साकार हो रहा है। बारिश के दिनों में चाहे गांव हो या शहर, सड़कें टूटना स्वाभाविक है।



उन्होंने कहा कि हमने 1 लाख किमी से अधिक सड़कों के विकास का लक्ष्य रखा है। अभी तक 65 हजार किमी में सड़कों का विकास हो चुका है। नगर निगम, परिषद व पालिकाओं में सड़कें बनवा रहे हैं।

## 21 के बाद नहीं होंगे कर्मचारियों के तबादले

**जयपुर।** प्रदेश में 21 अगस्त के बाद कर्मचारियों और अधिकारियों के तबादले पर रोक लगा दी गई है। प्रशासनिक सुधार विभाग ने यह आदेश जारी किया। यह रोक 4 अक्टूबर, 2023 तक प्रभावी रहेगी। भारत निर्वाचन आयोग के फोटो युक्त मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के चलते यह रोक लगाई है। आदेश में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अवधि में अगर किसी का तबादला सरकार आवश्यक समझती है, तो आयोग या मुख्य निर्वाचन अधिकारी की पूर्व अनुमति से ही स्थानांतरण या पदस्थापन के प्रस्ताव मंजूर किया जा सकेगा।

**गहलोत-शेखावत की जंग अब अदालत में**

# मानहानि मामले में समन के खिलाफ सीएम गहलोत ने दायर की याचिका

- अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कोर्ट में आज हो सकती है सुनवाई
- संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी को लेकर आरोप का मामला
- सिंह ने खुद पर लगे आरोपों पर मानहानि का वाद किया है दायर



बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा दायर एक आपराधिक मानहानि की शिकायत में उन्हें जारी किए गए समन के खिलाफ सोमवार को दिल्ली की एक अदालत में याचिका दायर की। गहलोत ने मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा पारित आदेश के खिलाफ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के समक्ष अपील दायर की। मजिस्ट्रेट अदालत ने कथित संजीवनी घोटाले से संबंधित टिप्पणियों को लेकर शेखावत की शिकायत के बाद सात अगस्त को कांग्रेस नेता गहलोत को तलब किया है। इस मामले की सुनवाई मंगलवार को सत्र अदालत में होने की संभावना है। यह मामला संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी द्वारा हजारों निवेशकों से कथित तौर पर लगभग 900 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी से संबंधित है।





### यह थी शेखावत की शिकायत

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री एवं सांसद शेखावत ने मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि गहलोत कथित घोटाले को लेकर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कर रहे हैं और उनकी छवि खराब करने तथा उनके राजनीतिक कॅरिअर को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। एसीएमएम हरजीत सिंह जसपाल ने कहा था कि आरोपी ने 'प्रथम दृष्टया' शिकायतकर्ता के खिलाफ मानहानि वाले आरोप लगाए।

### सार्वजनिक रूप से बदनाम करने का आरोप

मजिस्ट्रेट ने शेखावत की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास पाहवा की इस दलील का भी संज्ञान लिया कि शिकायतकर्ता के गवाहों ने भी शेखावत के आरोपों को सही ठहराया था। शेखावत ने आरोप लगाया कि गहलोत ने मीडिया, संवाददाता सम्मेलन और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सार्वजनिक तौर पर आरोप लगाकर उन्हें बदनाम किया।

जरूरी खबर

## कमिश्नरेट में फिर हुए 35 सीआई के तबादले




**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट में सोमवार को फिर 35 सीआई के तबादले हुए। पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने आदेश जारी कर 9 थानों के थानाधिकारी भी बदले हैं। अब सुनिता बायल एसएचओ महिला थाना दक्षिण, महावीर सिंह यादव एसएचओ बस्सी, ममता मीणा एसएचओ एयरपोर्ट थाना, गोविंद लाल व्यास एसएचओ मालपुरा गेट, दिगपाल सिंह एसएचओ मोतीडूंगरी, मंजू चौधरी एसएचओ महिला थाना पूर्व, किशनलाल एसएचओ झोटवाड़ा, मनोज कुमार दुघर्टना अनुसंधान इकाई पश्चिम, जयदेव सिंह एसएचओ मेट्रो लगाया गया है। वहीं सीएसटी, डीएसटी और जिलों के टीआई में भी बदलाव किया है।

## मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग की ओर से सोमवार को राज्य एवं जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम एचसीएम राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान में शुरू हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 5 अगस्त तक चलने वाले इस कार्यक्रम में निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान मतदान प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता, पेड न्यूज, ईवीएम-वीवीपैट तथा चिन्ह आवंटन प्रक्रिया सहित 12 थीम्स पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा इसके पश्चात परीक्षा के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों का आंकलन किया जाएगा।

## अनुप्रति कोचिंग योजना में आवेदन की तिथि बढ़ाई



**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के लिए वर्ष 2023-24 के द्वितीय चरण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत वर्ष 2023-24 के प्रथम चरण में ऑनलाइन आवेदन कर चुके अभ्यर्थी जो प्रथम चरण की मेरिट में वंचित रह गए हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।


**पानी की सियासत:** ईआरसीपी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# ERCP 13 जिलों का जीवन, जो पानी देगा उसी को देंगे वोट

■ सीएम ने कहा- अनावश्यक देरी से बढ़ेगी लागत

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य के 13 जिलों में आमजन और किसानों के लिए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस योजना से राजस्थान के एक बड़े क्षेत्र में पेयजल व सिंचाई के लिए जलापूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। गहलोत ने कहा कि केंद्र सरकार को शीघ्र ही ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करनी चाहिए क्योंकि अनावश्यक देरी से परियोजना की लागत बढ़ेगी।



गहलोत से सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर ईआरसीपी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने सीएम गहलोत से मुलाकात के बाद पीडब्यूडी मंत्री भजनलाल जाटव के आवास पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी रंधावा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ईआरसीपी 13 जिलों का जीवन है। अगर पानी की यह मांग पूरी नहीं हुई तो पूर्वी राजस्थान के किसान चैन से नहीं बैठेंगे। चंबल के पानी के बिना पूर्वी राजस्थान के गांवों से लोग पलायन करने लगे हैं। इस बार किसानों ने तय कर लिया है कि जो भी सरकार किसानों को चंबल का पानी देगी, उसी को ही पूर्वी राजस्थान के किसान वोट देंगे।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सांसद पंडित रामकिशन, जिला परिषद सदस्य मोहना गुर्जर, किसान नेता इंदल सिंह जाट, ईआरसीपी संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष जवान सिंह भी शामिल थे।

### सीएम ने शीघ्र समाधान का दिया भरोसा

ईआरसीपी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिलाने के लिए केंद्र सरकार से लगातार मांग की जा रही है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किए जाने पर राज्य सरकार द्वारा बजट प्रावधान कर प्रथम चरण के कार्य शुरू करा दिए गए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात के दौरान सीएम गहलोत को एक ज्ञापन भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने संयुक्त मोर्चा के ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए शीघ्र परीक्षण कराकर समाधान कराने का भरोसा दिया।

### राजे ने शुरू की थी योजना: रंधावा

ईआरसीपी को लेकर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भी भाजपा पर निशाना साधा। रंधावा ने कहा कि यह योजना पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शुरू की थी, अब भाजपा की ओर से इसे रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पानी का स्तर बहुत नीचे चला गया है। इस लिए यह योजना बहुत जरूरी है। कांग्रेस ने विधानसभा में भी संकल्प पारित करके केन्द्र सरकार को भेजा है। इस पर केन्द्र को निर्णय करना चाहिए। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि प्रदेश की सरकार को ईआरसीपी को लेकर जो करना था, वह सीएम गहलोत कर चुके हैं। अब केंद्र की बारी है कि वह इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करे।



**नहीं सहेगा राजस्थान:** सरकार के खिलाफ भाजपा का बड़ा आंदोलन

# दिल्ली से जयपुर तक कांग्रेस पर निशाना, सचिवालय घेराव आज

**पेपर लीक, भ्रष्टाचार, महिला अत्याचार, किसानों के मुद्दे पर जुटेंगे हजारों कार्यकर्ता**

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा चुनाव करीब आते ही प्रदेश का सियासी पारा हाई हो गया है। विपक्ष की भूमिका निभा रही भाजपा कांग्रेस सरकार को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है। भाजपा 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत मंगलवार को बड़ा आंदोलन करेगी। जिसमें हजारों भाजपा कार्यकर्ता पेपर लीक, भ्रष्टाचार, महिला अत्याचार, किसानों के मुद्दे पर सचिवालय का घेराव करेंगे।

इससे पहले सोमवार को दिल्ली से लेकर जयपुर तक भाजपा नेताओं ने प्रदेश की गहलोत सरकार को निशाने पर लिया। भाजपा नेताओं ने इस दौरान कांग्रेस को घेरने की रणनीति भी तय की। नई दिल्ली में प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, सांसद भागीरथ चौधरी और सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने राजस्थान सरकार को घेरा। तो जयपुर में भाजपा मुख्यालय से प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने प्रेसवार्ता कर सचिवालय घेराव को लेकर जानकारी दी। इस दौरान बताया कि पेपर लीक से परेशान युवा, भ्रष्टाचार, बहन-बेटियों पर अत्याचार, कर्ज से मरता किसान, अपराध बेलगाम और अब "नहीं सहेगा राजस्थान' की हुंकार के साथ प्रदेशभर से हजारों संख्या में लोग मंगलवार को जयपुर पहुंचेंगे। सुबह 10 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर एक जनसभा होगी। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी सभा को संबोधित करेंगे।



### तुष्टीकरण कर रही सरकार

सीपी जोशी ने कहा भाजपा 36 कोमों को साथ लेकर चलती है। पिछले साढ़े चार साल में राजस्थान में तुष्टीकरण का प्रभाव दिखाई दिया है। मोहर्रम पर जुलूस निकल सकता है, लेकिन हिन्दु त्योहारों पर जुलूस और डीजे पर रोक लगाई जाती है, मंदिरों को तोड़ा गया। एक समुदाय के त्योहारों पर 24 घंटे बिजली की व्यवस्था तो दूसरे समुदाय के त्योहारों की चिंता नहीं, जय श्री राम के नारे लगाने पर एफआईआर दर्ज की जाती हैं।

### सरकारी धन का दुरुपयोग: राठौड़

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अब अंतिम पायदान पर है। यह सरकार आचार संहिता से ढाई महीने पहले सरकारी धन का दुरुपयोग कर वोट की फसल काटने का प्रयास कर रही है। वहीं कांग्रेस सरकार की 10 अगस्त से शुरू हो रही मुफ्त स्मार्ट फोन योजना को लेकर राठौड़ ने तंज कसते हुए कहा कि पहले 1.31 करोड़ महिलाओं को यह फोन मिलने थे, लेकिन अब यह संख्या घट गई। सरकार की ओर से जो फोन महिलाओं को बांटे जाएंगे, वह (सैमसंग ए 03 कोर गैलेक्सी) फोन होंगे। ये फोन मार्केट में चलन से बाहर हो चुका है और कंपनियों के गोदाम में लंबे समय से बंद पड़े स्टॉक से निकालकर ये फोन महिलाओं को बांटे जाएंगे।

### राजस्थान के जन-जन का कैंपेन: जोशी

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा का 'नहीं सहेगा राजस्थान' कैंपेन राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुरू किया था। यह सिर्फ पार्टी का नहीं बल्कि जन-जन का कैंपेन बन चुका है। राजस्थान के कौने-कौने से आमजन जयपुर पहुंच रहा है। जयपुर की धरा पर हजारों लोगों की मौजूदगी में राज्य सरकार की वादाखिलाफी और अकर्मण्यता के खिलाफ प्रदर्शन होगा। जोशी ने सीएम गहलोत की जनकल्याणकारी योजनाओं के शिलान्यास किए जाने पर तंज कसते हुए कहा कि सीएम चुनाव के समय लॉलीपॉप बांटने का काम कर रहे हैं। अगर साढ़े चार साल ईमानदारी के साथ काम करते तो इस समय विकास कार्यों का शिलान्यास नहीं बल्कि उद्घाटन होता। जनता इनका चाल चरित्र समझ चुकी है, इसलिए कांग्रेस की विदाई तय है।

**प्रदर्शन पर** कांग्रेस नेताओं का तंज

# भाजपा के सचिवालय घेराव में नहीं जुटेगी कार्यकर्ताओं की भीड़

बेधड़क | जयपुर



भाजपा की ओर से 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत मंगलवार को होने वाले सचिवालय के घेराव को लेकर कांग्रेसी नेताओं ने तंज कसा है।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, केबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने सोमवार को कहा कि जब भाजपा के साथ जनता नहीं है, तो बार-बार प्रदर्शन और ट्रैफिक जाम कर जनता को परेशान क्यों किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि घेराव पूरी तरह से फेल होगा, क्योंकि इसमें भीड़ ही नहीं जुट पाएगी। भाजपा महाघेराव के नाम पर जयपुर में जाम लगा देती है। बेवजह लाठीचार्ज करवाती है, जिसके चलते जनता परेशान होती है। अगर भाजपा को ताकत दिखानी है और उनके साथ जनता है तो वह जयपुर के अमरूदों का बाग या विद्याधर नगर जैसे स्थान पर रैली करके दिखाए।

### 10 % लोग भी नहीं आएंगे: डोटासरा

भाजपा के सचिवालय घेराव पर पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि इस कार्यक्रम में टारगेट की दस प्रतिशत भीड़ भी शामिल नहीं होगी।



भाजपा के सबसे बड़े चेहरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मीटिंग सीकर में फेल हो गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो-तीन बार आकर चले गए, उनकी मीटिंग भी फेल हो गई। इससे पहले भाजपा ने जो जनाक्रोश घेराव यात्रा की थी, उसमें एक लाख लोगों का दावा किया गया लेकिन आए केवल 1500 लोग। उस वक्त नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को सौगंध खिलाई थी। कल भी टारगेट के 10% लोग भी नहीं आएंगे, क्योंकि प्रदेश की जनता कांग्रेस से खुश है।

**सक्रिय हुआ तीसरा मोर्चा,** बेनीवाल लड़ेंगे चुनाव

# RLP का सदस्यता अभियान शुरू

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा और लोकसभा चुनावों में कांग्रेस और भाजपा को टक्कर देने के लिए राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी तीसरे मोर्चे के रूप में सक्रिय हो गई है। आरएलपी ने सोमवार को जयपुर से अपनी पार्टी का सदस्यता अभियान का आगाज किया। पार्टी सुप्रीमो सांसद हनुमान बेनीवाल ने इस अभियान की शुरुआत की। बिड़ला सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बेनीवाल ने कहा कि सदस्यता अभियान 31 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने दावा किया कि 1 महीने की अवधि में पार्टी प्रदेशभर में 25 लाख से ज्यादा सदस्य बनाएगी। बेनीवाल ने कहा कि इस बार होने वाले विधानसभा चुनावों में वह खुद भी मैदान में उतरेंगे, हालांकि वह कौनसी सीट से चुनाव लड़ेंगे, अभी यह तय नहीं है।




### भ्रष्टाचार रोकने में कांग्रेस-भाजपा नाकाम

सांसद हनुमान बेनीवाल ने एक बार फिर कांग्रेस और भाजपा पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में बजरी माफिया बेलगाम हैं, भ्रष्टाचार और पेपर लीक के मामले बढ़ रहे हैं। वहीं भाजपा भी विपक्ष की भूमिका निभाने में नाकाम साबित हो रही है। बेनीवाल ने राज्य की कांग्रेस सरकार और केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर आरोप लगाए।

**विधानसभा चुनावों की** तैयारी में जुटी कांग्रेस

# एआईसीसी ने जारी किए आदेश, 25 लोकसभा क्षेत्रों में ऑब्जर्वर लगाए

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर एआईसीसी ने राजस्थान में 25 लोकसभा क्षेत्रों में ऑब्जर्वर नियुक्ति किए हैं। संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने चुनाव तैयारियों की निगरानी के लिए एआईसीसी लोकसभा पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है।



इसमें अमित चावड़ा को अजमेर, हिम्मत सिंह पटेल, अनंत पटेल को बांसवाड़ा, बलदेव ठाकुर बाड़मेर, गीता भुक्कल भरतपुर, शैलेश परमार बीकानेर, नीरज शर्मा भीलवाड़ा, प्रतापभाई दुधात चितौड़गढ़, राजपाल खरोला चुरू, किशन पटेल दौसा, नौशाद सोलंकी गंगानगर, मोना तिवारी जयपुर, राव दान सिंह जयपुर ग्रामीण, रघु देसाई जालौर, जिनी बेन थुम्मर झालावाड़ बारां, अमृत ठाकुर झुंझुनूं, सीजे चावड़ा जोधपुर, शकुंतला खटक करौली-धौलपुर, इंद्रविजय गोहिल कोटा, अमित सिहाग नागौर, अंबरीश डेर पाली, प्रभु ठोकिया राजसमंद, अमित मलिक सीकर, मिर्जा जावेद अली टोंक सवाईमाधोपुर और कांति कराडी को उदयपुर में लगाया है।

कांग्रेस में अब जल्द स्क्रीनिंग कमेटी की घोषणा होने के आसार है। अगस्त महीने में सभी चुनावी कमेटियां बनाने की संभावना है।

**तीन दिवसीय सी-20 शिखर सम्मेलन का समापन**

# अम्मा ने जी-20 की थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम्' को किया चरितार्थ: मिश्र

बेधड़क | जयपुर

जी-20 के सहभागी समूह सिविल-20 (सी 20) के तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन का सोमवार को समापन हुआ। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के राज्यपाल कलराज मिश्र मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शिरकत की। जबकि समारोह की अध्यक्षता आध्यात्मिक गुरु अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) ने की।

इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति पूजन की प्राचीन और अनूठी परम्परा है, जिसके प्रति जागरूकता लाने का कार्य बड़े स्तर पर किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि अम्मा ने जी-20 की थीम "वसुधैव कुटुम्बकम्' को सही मायने में चरितार्थ किया है। राज्यपाल ने कहा कि जीव-जंतुओं के प्रति प्रेम-भाव रखने और उनके संरक्षण की लोक परम्पराओं से आधुनिक पीढ़ी को जोड़े की आवश्यकता है। वहीं राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, राष्ट्रीय मिशनों की शृंखला के मजबूत इकोसिस्टम के तहत गरीबी, लैंगिक और आर्थिक असमानता दूर करने के लिए जो प्रभावी योजनाएं लागू की गई हैं, उन्हें भी देशहित में बताया। साथ ही कहा कि जी-20 समूह देशों को आर्थिक और नागरिक हितों के बीच संतुलन स्थापित करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने ने सतत विकास और सहयोग के ढांचे को 4 पी (पीपल, प्रोस्पेरिटी, प्लेनेट और पार्टिसिपेशन) के रणनीतिक स्तंभों पर आधारित बताया।

**प्राकृतिक संसाधनों के बेतहाशा दोहन का परिणाम जलवायु परिवर्तन: वसुंधरा राजे**




### कोरोना को चेतावनी के रूप में देखें

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि कोरोना को प्रकृति की चेतावनी के रूप में देखा जा सकता है। इसके लिए किसी को ब्लेम नहीं किया जा सकता, सभी इसके जिम्मेदार हैं, हालांकि विज्ञान, सरकार और सिविल सोसाइटी सभी साथ आए, तो कोरोना महामारी से भी कमबैक किया। हम सभी की प्रकृति को संजोने की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्राकृतिक संसाधनों के बेतहाशा दोहन से बनी परिस्थितियों के रिजल्ट जलवायु परिवर्तन के रूप में सामने आ रहे हैं। राजे ने कहा कि विषम जलवायु का सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव महिलाओं, बच्चों, गरीबों और कमजोर वर्ग को झेलना पड़ता हैं। राजे ने प्राकृतिक संसाधनों के संयमित उपयोग के लिए सभी संस्कृतियों को साथ लेकर नीतियां बनाए जाने की अपील की। इस दौरान राजे ने प्रधानमंत्री का कथन दोहराते हुए कहा कि धर्म, दान और कर्म का विशेष महत्व है मुख्य रूप से हिंदू धर्म में छोटे-छोटे कार्य समाज में बदलाव ला सकते हैं। ऐसे में सिविल सोसाइटी और सरकार के सहयोग की अहम भूमिका है।

### सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

जी-20 के सहभागी समूह सी-20 का तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन राजधानी जयपुर में हुआ। तीन दिवसीय सम्मेलन में सामाजिक, नागरिक और मानवीय मूल्यों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। समापन अवसर पर कई सेशन हुए। जिनमें सुरक्षा और पारदर्शिता, विविधता, समावेशन, पारस्परिक सम्मानता, सेवा- सेवा की भावना, नदियों का पुनरुद्धार एवं जल प्रबंधन, एकीकृत समग्र स्वास्थ्य, पारंपरिक कला, शिल्प और संस्कृति का संरक्षण और संरक्षण जैसे विषयों पर चर्चा की गई है।

## जरूरी खबर

### झोटवाड़ा इलाके में प्रेशर कुकर फटने से महिला की मौत



**जयपुर।** शहर के झोटवाडा इलाके के भौमिया नगर में सोमवार सुबह 10 बजे प्रेशर कुकर फटने से एक महिला की मौत हो गई। कुकर फटने से उसके टुकड़े महिला के सिर, चेहरे व शरीर में घुस गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुकर फटने की आवाज बहुत तेज धमाके जैसी थी। घटना के समय महिला घर पर अकेली थी। लोगों ने उनके पति और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर झोटवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद एफएसएल टीम जांच के लिए पहुंची। झोटवाड़ा थानाधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि किरण कंवर सुबह 11 बजे खाना बना रही थीं। इसी दौरान प्रेशर कुकर फट गया। हादसे में किरण कंवर की मौके पर ही मौत हो गई।

### OPS की मांग को लेकर मेट्रो कर्मियों का प्रदर्शन



**जयपुर।** जयपुर मेट्रो संयुक्त कर्मचारी संघ के बैनर तले सोमवार को मानसरोवर मेट्रो स्टेशन पर कर्मचारियों ने दो घंटे कार्य बहिष्कार कर सांकेतिक प्रदर्शन किया। संघ के अध्यक्ष रामकरण पंवार ने बताया कि पुरानी पेंशन योजना को राज्य कर्मचारियों के अनुरूप लागू करने को लेकर दोपहर एक से 3 बजे तक सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से सांकेतिक प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि मेट्रो के कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन के दौरान मेट्रो से यात्रा करने वाले यात्रियों व आम जनता को गुलाब के फूल देकर उन्हें ईश्वर से प्रार्थना कर सरकार को सद्बुद्धि का आग्रह किया।

**इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना:** लाभार्थी के ई-वॉलेट में 6125 रु. मोबाइल, 675 रुपए सिम के लिए होंगे हस्तांतरित

# खुशखबरी... मोबाइल का इंतजार खत्म, 10 से मिलेगी सौगात

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा की क्रियान्विति के तहत महिलाओं को इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ स्मार्ट मोबाइल फोन उपलब्ध करवाने के लिए 10 अगस्त को इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना का शुभारंभ होगा।

जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि 10 अगस्त से योजना के प्रथम चरण के तहत जयपुर जिले में 1 लाख 91 हजार 548 लाभार्थियों को स्मार्ट फोन दिए जाएंगे। प्रथम चरण में चयनित चिरंजीवी परिवारों की एकल नारी, विधवा महिलाओं, सरकारी विद्यालयों की कक्षा 9-12 में अध्ययनरत छात्राओं, सरकारी आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक तथा संस्कृत महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं, नरेगा में 100 कार्य दिवस पूर्ण करने वाले परिवारों की महिला मुखियाओं और इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना में 50 कार्य दिवस पूर्ण करने वाले परिवारों की महिला मुखियाओं को लाभान्वित किया जाएगा।



### 6 स्थानों पर होगा वितरण

कलेक्टर राजपुरोहित ने बताया कि जयपुर शहर में 6 स्थानों पर तथा 22 ब्लॉक मुख्यालयों पर स्मार्ट फोन वितरण के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा। चयनित लाभार्थियों को शिविर में तिथि वार आमंत्रित करने के लिए लाभार्थियों के पास प्रशासन द्वारा एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाएगा तथा एक पर्ची भी भेजी जाएगी। इसमें शिविर की तिथि, स्थान एवं शिविर में आते समय लाने वाले दस्तावेजों की सूची अंकित होगी। लाभार्थी को शिविर में अपना जनाधार कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा जनाधार कार्ड में दर्ज मोबाइल फोन लाना आवश्यक होगा। अध्ययनरत छात्राओं अपने साथ आईडी कार्ड, एनरोलमेंट कार्ड, विधवा नारी को पीपीओ साथ लाने होंगे।

### ऐसे मिलेंगे योजना के पैसे

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के उपनिदेशक ऋतेश कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में आईजीएसवाई पोर्टल पर लाभार्थी का ई-केवाईसी किया जाएगा। पोर्टल पर लाभार्थी का जनाधार नंबर डालकर उसके विवरणों को सत्यापित किया जाएगा। सत्यापित होने की दशा में लाभार्थी द्वारा अपने साथ लाए गए मोबाइल फोन पर जनाधार ई-वॉलेट इंस्टॉल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके बाद लाभार्थी के पैन कार्ड का विवरण आईजीएसवाई पोर्टल पर दर्ज करने के बाद तीन प्रकार के फॉर्म प्रिंट करके उसे दिए जाएंगे। लाभार्थी इन फॉर्म को लेकर मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी के काउंटर पर जाकर सिम का एवं डाटा प्लान का चयन करेगा, इसके बाद मोबाइल कंपनी के काउंटर पर जाकर अपनी इच्छा अनुसार मोबाइल फोन का चयन करेगा। उन्होंने बताया कि भरे हुए फॉर्म को लेकर अंतिम काउंटर पर जाएगा, जहां उपस्थित कार्मिक उसके फॉर्म में अंकित सूचनाएं एवं लाभार्थी द्वारा प्रस्तुत समस्त दस्तावेजों को स्कैन कर आईजीएसवाई पोर्टल पर दर्ज एवं अपलोड करेगा। यह प्रक्रिया पूरी होते ही लाभार्थी द्वारा लाए गए फोन में पूर्व में इंस्टॉल किए गए ई-वॉलेट में राज्य सरकार द्वारा कुल 6800 रुपए हस्तांतरित कर दिए जाएंगे। इस राशि का उपयोग कर लाभार्थी पूर्व में चयन किए गए मोबाइल फोन तथा सिम प्राप्त कर सकेगा। यहां राज्य सरकार द्वारा लाभार्थी के ई-वॉलेट में 6125 रुपए मोबाइल फोन के लिए तथा 675 रुपए सिम कार्ड मय इंटरनेट डाटा प्लान के लिए हस्तांतरित किए जाएंगे।

**गोविंद देवजी मंदिर कॉरिडोर निर्माण में होंगे कई विकास कार्य**


# आचार संहिता से पहले कॉरिडोर के उद्घाटन की करेंगे कोशिश: जोशी

## राधा-कृष्ण की चित्रकारी और प्रतिमाओं का होगा चित्रण

बेधड़क | जयपुर

जयपुर वासियों के आराध्य गोविंद देवजी मंदिर के कॉरिडोर का अब जल्द ही निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा। उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर गोविंद देवजी मंदिर में कॉरिडोर का निर्माण कार्य की व्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को जलदाय मंत्री महेश जोशी ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर जायजा लिया। मंत्री जोशी ने प्रस्तावित कॉरिडोर को मूर्त रूप देने के लिए कार्यों का जायजा लिया।

मंत्री ने कहा कि ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है गोविंद देवजी मंदिर में कॉरिडोर बनाने के लिए उन्हें काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गोविंद देवजी मंदिर को लेकर काफी सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि आचार संहिता से पहले इस कॉरिडोर का उद्घाटन किया जाए। मंत्री महेश जोशी ने कहा कि गोविंद देव जी मंदिर में लोगों की काफी आस्था है। इसी आस्था का ध्यान रखते हुए सीएम गहलोत ने घोषणा की थी।



### यह होंगे कार्य

गोविंद देवजी मंदिर कॉरिडोर के तहत चौगान स्टेडियम से मंदिर के रास्ते से लेकर ठाकुरजी के सामने वाले रास्ते पर पूरा फर्श नए ढंग से तैयार होगा। आंगन में लाल पत्थर लगाने के साथ ही अन्य विकास कार्य होंगे। पूरा चौक नया तैयार करने के साथ ही धर्मशाला और व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था की जाएगी। ठाकुर जी के दर्शनों की सुगमता के लिए भी खास खाका तैयार किया गया है। मंदिर के मुख्य द्वार पर सुंदर चित्रकारी के दर्शन होंगे। वहीं ठाकुर जी के मंदिर, पौंड्रिक उद्यान, मंदिरों को एक ही कॉरिडोर में लेने का काम किया जाएगा। भक्तों के सुगम दर्शन का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### इसी सप्ताह शुरू होगा काम

जलदाय मंत्री महेश जोशी ने कहा कि मंदिर के कॉरिडोर का निर्माण कार्य इसी सप्ताह शुरू किया जाएगा। मंत्री जोशी को सोमवार को ही आर्किटेक्ट अनूप बरतरिया के साथ मंदिर पहुंचकर कॉरिडोर कार्य शुरू करने के लिए मूर्त रूप देना था, लेकिन आर्किटेक्ट किसी कारणवश नहीं पहुंच पाए। ऐसे में अब आगामी दिनों में फिर मंदिर पहुंचकर मंत्री जोशी के साथ डीपीसी फाइनल कर काम शुरू करेंगे। मंत्री जोशी ने बताया कि पहले चरण के लिए 20 करोड़ की अनुमति सीएम गहलोत दे चुके हैं।

### 100 करोड़ की लागत से बनेगा कॉरिडोर

उज्जैन महाकाल की तर्ज पर गोविंद देवजी के कॉरिडोर बनाने पर 100 करोड़ रुपए खर्च होंगे। आर्किटेक्ट अनूप बरतरिया के निर्देशन में कॉरिडोर का निर्माण होगा। देश के अन्य कॉरिडोर की तर्ज पर यहां विभिन्न विकास कार्य होंगे। गोविंद देवजी के कॉरिडोर में राधा-कृष्ण के छायाचित्रों के साथ ही चित्रकारी, विभिन्न भाव-भंगिमाएं दशार्ती प्रतिमाओं और मॉन्यूमेंट्स के साथ ही राजस्थानी स्थापत्य कला की झलक नजर आएगी। इसके लिए पूरी योजना पर आगामी दिनों में मुहर लगेगी।

**पीएम 6 को करेंगे शिलान्यास**

## 82 रेलवे स्टेशन होंगे विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस

बेधड़क | जयपुर



आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सपनो का भारत बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। इस दिशा में उनके द्वारा अनेक बड़े कार्य किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश के अनेक रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित करने की घोषणा की गई है, जिसके अंतर्गत राजस्थान के 82 स्टेशनों का कायाकल्प होगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 55 रेलवे स्टेशनों पर होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास 6 अगस्त को वर्चुअली करेंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की भागीदारी रहेगी।

अमृत भारत स्टेशन योजना में राजस्थान के 82 स्टेशनों का चयन किए जाने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है।

### इन स्टेशनों का होगा कालाकल्प

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत राजस्थान में जयपुर मंडल के अलवर, बांदीकुई, जयपुर, गांधीनगर, फुलेरा जंक्शन, नरेना, आसलपुर जोबनेर (अस्थाई), सीकर और रींगस। आगरा मंडल के खेरली। कोटा मंडल के बारां, छबडा गुगोर, भरतपुर, बयाना, भवानी मंडी, हिंडोन सिटी, श्री महावीरजी, कोटा, धकानिया तलाव, रामगंजमंडी जंक्शन, सवाई माधोपुर जंक्शन और गंगापुर सिटी। अजमेर मंडल के डूंगरपुर, सोजत रोड़, मारवाड जंक्शन, फालना, भीलवाड़ा, बीजानगर, पिडवाड़ा, मावली जंक्शन, राणाप्रतापनगर और कपासन। बीकानेर मंडल के लालगढ़ जंक्शन, चूरू, सादुलपुर, रतनगढ़ जंक्शन, श्रीगंगानगर, सूरतगढ़, हनुमानगढ़। जोधपुर मंडल के बालोतरा, बाडमेर (अस्थाई), नोखा, देशनोक, जैसलमेर, रामदेवरा, जोधपुर, फलौदी जंक्शन (अस्थाई), गोटन, डीडवाना, डेगाना, नागौर (अस्थाई), रेन (अस्थाई), मेडतारोड जंक्शन (अस्थाई), सुजानगढ़ और रतलाम मंडल के चंदेरिया रेलवे स्टेशन विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित होंगे।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**करतारपुरा नाले की दीवार ठीक कराने को कहा**

## जेडीसी से मिले विधायक सराफ

बेधड़क | जयपुर

मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ करतारपुरा नाले की दीवार जगह-जगह से टूटने के मामले को लेकर सोमवार को जेडीए आयुक्त से मिले।

नटवर कुमावत ने बताया कि 2 दिन पहले हुई तेज बरसात के कारण करतारपुरा नाले के पास बनी हुई दीवार कई जगह टूट गई और जो बची हुई है वह भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इससे बरसात के दिनों में कोई बड़ा हादसा ना हो जाए। इस समस्या के समाधान के लिए



विधायक सराफ जेडीए आयुक्त जोगाराम से मिले।

सराफ ने करतारपुरा नाले की समस्या से जेडीसी को अवगत कराया। जेडीसी ने तुरंत अधिकारियों को सराफ के साथ करतारपुरा नाले का निरीक्षण करने के लिए भेजा और तुरंत दीवारों को ठीक करने के निर्देश दिए।

### करौली से 3 को शुरू होगी न्याय पद यात्रा

**जयपुर।** एबीवीपी की न्याय पद यात्रा 3 अगस्त को करौली से शुरू होगी। विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री हुश्यार सिंह मीणा ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पैदल न्याय यात्रा 3 अगस्त से करौली से शुरू होकर कुड़गांव, गंगापुर सिटी, मंडावरी, लालसोट, तुंगा, बस्सी व मीणा पालडी के रास्ते 10 अगस्त को राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन से प्रदेश में हो अत्याचारों को लेकर सरकार को जगाएंगे। यात्रा जब करौली से प्रारंभ होगी तो वहां 5000 विद्यार्थियों की सभा होगी।

### मंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारे

*जयपुर। सावन के तीसरे सोमवार को सुबह से शिव मंदिरों में भक्तों की कतारें लगी नजर आईं। मंदिरों में तड़के से ही हर-हर महादेव के जयकारे गूंज उठे। ताड़केश्वर महादेव मंदिर में के जलाभिषेक करते श्रद्धालु। (इनसेट) चांदपोल के जाट के कुएं का रास्ता के दूसरा चौराहा पर पंचविरेश्वर महादेव मंदिर में सजी विशेष झांकी।*



फोटो: पंकज शर्मा

**वाहन चालकों की अग्निपरीक्षा आज**

# भाजपा के प्रदर्शन के कारण आज बदलेगी शहर की यातायात व्यवस्था

बेधड़क | जयपुर

जयपुर की सड़कों पर वाहन चालकों की मंगलवार को अग्निपरीक्षा होगी। भारतीय जनता पार्टी के सचिवालय घेराव को लेकर सभा और प्रदर्शन के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है।

इससे पहले 13 जून को हुए इसी तरह के भाजपा के प्रदर्शन में जयपुर शहर ट्रैफिक पुलिस की तमाम व्यस्थाओं के बावजूद जाम से जूझ गया था। इस प्रदर्शन के कारण सड़कों पर वाहन चालकों को कई घंटे जाम में फंसना पड़ा था और समानांतर मार्गों पर भी जाम होने से गलियों तक में जाम की स्थिति पैदा हो गई थी। अब ऐसा ही प्रदर्शन भाजपा फिर करने जा रही है। हालांकि जयपुर ट्रैफिक पुलिस ने व्यवस्थाएं की हैं, लेकिन गत प्रदर्शन में भी व्यवस्थाएं फेल हो गई थीं। अब मंगलवार होने वाले प्रदर्शन में भाजपा पहले से ज्यादा भीड़ जुटाने का दावा कर रही है।



फोटो: राजेश कुमावत



### डायवर्ट होगा ट्रैफिक

डीसीपी ट्रैफिक प्रहलाद सिंह कृष्णियां ने बताया कि सरदार पटेल मार्ग के सामने सभा और फिर प्रदर्शन होगा। इस दौरान चौमूं हाउस चौराहा से राजमहल टी पॉईन्ट के बीच से ट्रैफिक को डायवर्ट किया जाएगा। यातायात का दबाव बढ़ा तो गवर्मेंट हॉस्टल चौराहा से गवर्मेंट प्रेस चौराहा होकर चौमूं हाउस चौराहा की तरफ जाने वाले ट्रैफिक को गवर्मेंट हॉस्टल चौराहा से डायवर्ट कर समानान्तर मार्गो पर निकाला जाएगा। वहीं सरदार पटेल मार्ग, जनपथ, भवानी सिंह रोड, सहकार मार्ग, हवा सड़क, परिवहन मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग नहीं हो सकेगी। पृथ्वीराज रोड, भवानी सिंह रोड पर यातायात का दबाव बढ़ने पर आगरा और दिल्ली रोड से आने वाली रोडवेज बसों को गुरुद्वारा मोड से घाटगेट, सांगानेरी गेट, रामनिवास बाग चौराहा, मानप्रकाश सर्विस लेन, अशोका मार्ग होकर निकाला जाएगा।

### पार्किंग की विशेष व्यवस्था

डीसीपी कृष्णियां ने बताया कि अजमेर रोड से आने वाले वाहन 200 फुट चौराहा- बदरवास, किसान धर्मकांटा- गुर्जर की थड़ी- रिद्धी सिद्धी चौराहा गोपालपुरा बाईपास चौराहा टोक रोड- लक्ष्मी मंदिर- सहकार मार्ग- ज्योति नगर थाना मोड- शिवमंदिर तिराहा से जनपथ अमरूदों का बाग और पोलो इंवेस्टमेंन्ट ग्राउंड में पार्क होंगे। वहीं टोंक रोड से आने वाले वाहन को यहां से गोपालपुरा बाईपास चौराहा, टोंक रोड लक्ष्मी मंदिर- सहकार मार्ग, ज्योति नगर थाना मोड शिवमंदिर तिराहा से जनपथ अमरूदों का बाग और पोलो इंवेस्टमेन्ट ग्राउण्ड में पार्क होंगे। सीकर रोड से आने वाले वाहन रोड नम्बर 14 सीकर रोड से चौमू पुलिया अंबाबाडी- पानीपेच तिराहा चिंकारा तिराहा कलेक्ट्री सर्किल- खासाकोठी- गर्वमेन्ट हॉस्टल चौराहा- एमआई रोड पांचबत्ती चौराहा सेंट जेवियर चौराह से स्टैच्यू सर्किल तक (भगवान दास रोड पर) एवं सेंट्रल पार्क के गेट नंबर 1, 2, में पार्क होंगे। दिल्ली और आगरा रोड से आने वाले वाहन टीपी नगर गुरुद्वारा मोड- गोविंद मार्ग- धर्म सिंह सर्किल त्रिमूर्ति सर्किल से रामनिवास बाग में जेडीए की पार्किंग, पृथ्वीराज टी-पॉईंट से स्टैच्यू सर्किल तक (पृथ्वीराज रोड पर ) और सेंट्रल पार्क के गेट नंबर 3 एवं 4 में पार्क हो सकेंगे। वहीं जयपुर शहर के कार्यकर्ताओं के वाहन उद्योग मैदान में तो वीआईपी पार्किंग होटल राजमहल में रहेगी।

## जरूरी खबर

### महालक्ष्मी महायज्ञ व भागवत कथा 3 अगस्त से शुरू




**कोटा।** रामानुज सम्प्रदाय की झालरिया पीठ का पुरुषोत्तम मास महोत्सव तिरुपति धाम में आयोजित किया जाएगा। श्रीधर महोत्सव समिति के संयोजक डॉ. नवीन माहेश्वरी ने बताया कि महोत्सव 3 से 9 अगस्त तक किया जाएगा। पहले दिन सुबह 8.30 बजे श्रीपद्मावति मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 11 बजे श्रीमहालक्ष्मी महायज्ञ प्रारम्भ होगा। श्रीमद् भागवत पारायण 11.30 बजे तथा कथा दोपहर 3.30 बजे से से शुरू होगी। आयोजन श्री कन्वेंशन सेंटर डॉ. बीआर मल्टी स्पेशलिटी रोड कोरलागुंठा में होगा। 225 कुण्डीय यज्ञ एवं प्रतिदिन भागवत कथा दोपहर 3.30 से शाम 6.30 बजे तक होगी।

### एक साल से नहीं मिल रही सम्मान निधि की किश्तें

**झालावाड़।** बकानी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मोड़ी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में एक साल से करीब साढ़े 650 किसानों को बकाया किश्तें नही मिल रही हैं। किसान के अधिकारियों के चक्कर लगाने पर भी संतोषप्रद जवाब नहीं मिल रहा है। ऐसे में आज सोमवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर अपनी मांगों से अवगत करवाया। किसानों ने जिला कलक्टर के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। सरपंच हेमराज ने बताया कि किसानों को करीब एक साल से बकाया किश्ते नहीं मिल पा रही है।

### पेयजल किल्लत को लेकर कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन



**अजमेर।** जिले के लोहागल क्षेत्र में 8 से 10 दिन के अंतराल पर पेयजल सप्लाई होने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। पानी की समस्या से जूझ रहीं जनाना अस्पताल रोड, लोहागल, कबीर नगर गली की महिलाओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इसके बाद कलेक्टर को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग उठाई। क्षेत्रवासी गौरी देवी ने बताया कि कबीर नगर गली नंबर 2 में विगत 6 महीने से पानी की समस्या बनी हुई है। निजी टैंकर से पानी मंगवाया जा रहा है। वहीं खारा पानी पीने से बीमारियां हो रही। 8 से 10 दिन के अंतराल में पानी की सप्लाई होने पर भी बहुत कम प्रेशर से पानी आता है।

**हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत** वार्ड 5 में वाल्मीकि समाज के स्वागत कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री धारीवाल

# पदों में बढ़ोतरी के साथ पूरी होगी सफाईकर्मियों की भर्ती

**बेधड़क** | कोटा

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि जब भी कांग्रेस सरकार सत्ता में आई सफाईकर्मियों की बंपर भर्तियां निकालकर लोगों को रोजगार से जोड़ा गया है।

इस बार भी सफाईकर्मियों के पदों में बढ़ोतरी के साथ भर्ती प्रक्रिया जल्द पूरी की जा रही है। मंत्री शांति धारीवाल ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत वार्ड 5 में वाल्मीकि समाज की ओर से आयोजित स्वागत समारोह के दौरान यह बात कही। कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का कारवां सोमवार को परकोटा क्षेत्र के वार्ड पांच में पहुंचा। जहां नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री धारीवाल और अमित धारीवाल का परकोटा क्षेत्र में जगह-जगह पर व्यापार संगठनों, व्यवसायियों, सामाजिक संगठनों एवं क्षेत्रवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया।



### सीसी रोड, फुटपाथ व ड्रेनेज कार्य का किया शिलान्यास

पदयात्रा वार्डवासियों के लिए सौगात लेकर आ रही है। पदयात्रा के दौरान कई वादें पूरे हो रहे हैं। सोमवार को पदयात्रा के दौरान मंत्री धारीवाल ने एक करोड़ की लागत से सब्जी मंडी क्षेत्र में निर्मित किए जाने वाले सीसी रोड, फुटपाथ, ड्रेनेज सिस्टम सहित अन्य कार्यों का शिलान्यास किया। नगर विकास न्यास की ओर से सब्जीमंडी क्षेत्र में सुंदर धर्मशाला से गणेश जी मंदिर तक करीब एक किलोमीटर सीसी सड़क, फुटपाथ और ड्रेनेज का कार्य करवाया जाएगा।

### वैकल्पिक मार्गों से सुगम हुआ सफर, लोगों ने जताया आभार

पदयात्रा अग्रसेन बाजार से शुरू हुई, जहां घरों और प्रतिष्ठान पर मंत्री धारीवाल और पीसीसी सदस्य अमित धारीवाल ने वार्ड वासियों से मुलाकात की। सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही क्षेत्र में करवाए गए विकास कार्यों का फीडबैक लिया और समस्याएं सुनकर समाधान के निर्देश मौके पर ही अधिकारियों को दिए। पदयात्रा के दौरान क्षेत्रवासियों और व्यापारियों ने मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर व्यस्त बाजारों में निकाले गए वैकल्पिक मार्गों से उपलब्ध हो रही सुगमता पर आभार व्यक्त किया और स्वागत कर कोटा में करवाए गए अभूतपूर्व विकास कार्यों की सराहना की। पदयात्रा के दौरान पार्षद रफीक अहमद, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संदीप भाटिया, संतोष जैन, माया चंडालिया, मुन्नू खान, आशीष जैन, हिमांशु जैन, अजय सुमन समेत कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**पानी की बोतल में पेशाब और** बैग में मिली आई लव यू लिखी पर्ची

# 8वीं की छात्रा से बदसलूकी पर बवाल, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

जिले में आठवीं कक्षा की छात्रा से समुदाय विशेष के छात्र की ओर से बदसलूकी किए जाने पर लोगों को गुस्सा फूट पड़ा। छात्रा की पानी की बोतल में पेशाब मिलाने की बात सामने आने पर लोगों में उबाल देखा गया। बताया जा रहा है कि छात्रा के बैग में एक पर्ची भी डाली गई जिस पर 'आई लव यू' लिखा हुआ था। मामला इतना गरमा गया कि लोग लाठियां लेकर सड़कों पर उतार आए।

बिगड़ते माहौल को देखकर पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। वारदात शुक्रवार की बताई जा रही है। इस पर सख्त कार्रवाई नहीं किए जाने पर लोगों के सब्र का बांध टूट गया और सोमवार को मांडल थाने के लुहारिया गांव में दो पक्ष के लोग आमने-सामने हो गए। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर पथराव भी हुआ। पुलिस जीप के शीशे टूट गए। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने बल प्रयोग किया। वहीं गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि यह विवाद तब बढ़ा जब शुक्रवार एक साथी छात्र ने छात्रा से बदसलूकी की और उसकी पानी की बोतल में टॉयलेट कर दिया। छात्रा की बोलत में टॉयलेट भरने और बदसलूकी की खबर जैसे ही लोगों को पता चली तो हंगामा बरप गया। सोशल मीडिया पोस्ट देखने के बाद सैकड़ों की तादाद में लोग लुहारिया पहुंचे गए। कस्बे में भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। समुदाय विशेष के छात्रों द्वारा घिनौनी हरकत करने की बात सामने आई है।

इस घटना के बाद दो दिन से पुलिस समझाइश कर विवाद को खत्म करने का प्रयास कर रही थी। इस बीच सोमवार को लुहारिया बस स्टैंड पर दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने हो गए। इन्होंने पुलिस पर भी पथराव किया। इसमें पुलिस जीप का शीशा टूट गया। स्थिति को कंट्रोल करने के लिए पुलिस दोनों पक्षों के बीच खड़ी रही। माहौल बिगड़ने की सूचना पर एएसपी, डीएसपी, एसएचओ सहित आस-पास के थानों व पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिस बल लुहारिया पहुंच गया। वहीं पूर्व मंत्री कालुलाल गुर्जर भी मौके पर पहुंचे।



### बोतल से आ रही थी दुर्गंध

एएसपी घनश्याम शर्मा ने बताया कि छात्रा शुक्रवार को अपने परिवार वालों के साथ थाने आई थी। उसने अपनी ही कक्षा के 2 छात्रों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। छात्रा का कहना था कि लंच के दौरान उसकी पानी की बोतल से दुर्गंध आ रही थी। बैग देखा तो उसमें 'आई लव यू' लिखी पर्ची भी मिली। लड़की के अनुसार, यह करतूत उसी के साथ पढ़ने वाले दो छात्रों की है। पुलिस सोमवार सुबह करीब 9 बजे प्रिंसिपल से बात करने स्कूल पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। स्कूल गेट पर ताला जड़ दिया। ग्रामीण बस स्टैंड पर एकत्र होकर नारेबाजी करने लगे और विशेष समुदाय के मोहल्ले में घुस गए। दोपहर करीब 1 बजे हालात बिगड़ने लगे तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा।

### मैसेज वायरल होने से भड़का आक्रोश

पुलिस के अनुसार घटना शुक्रवार की है। उसी दिन लड़की ने घरवालों को बता दिया था। घरवालों और गांव के कुछ लोगों ने तहसीलदार और वहां के थानाधिकारी को शिकायत भी दी थी, लेकिन मोहर्रम के कारण किसी ने ध्यान नहीं दिया। रविवार को इस घटना को लेकर एक मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद लोगों में गुस्सा बढ़ गया। रविवार शाम को ही तय हो गया था कि लुहारिया में बाजार नहीं खोले जाएंगे। इसके चलते सोमवार सुबह से ही बाजार बंद रहा। वहीं दोनों पक्षों की तनातनी को देखते हुए गांव में फोर्स की तैनाती की गई है। दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की गई। उधर, सूत्रों ने बताया कि लड़की के बैग से जो पर्ची मिली थी, उसमें आई लव यू के साथ ही लड़कों का नाम भी लिखा था। इसी कारण लड़की ने उन्हीं लड़कों के खिलाफ शिकायत की है।

**टीसी काटने की देता था धमकी**

# अश्लील चैटिंग और छेड़छाड़ का आरोपी प्रिंसिपल गिरफ्तार

**बेधड़क** | हनुमानगढ़



जिले में एक सरकारी स्कूल की छात्राओं से अश्लील चैटिंग और स्कूल में कैमरे बंद कर छेड़छाड़ करने के आरोपी प्रिंसिपल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला हनुमानगढ़ जिले के रावतसर थाना इलाके का है। नोहर सीओ रघुवीर सिंह भाटी ने बताया कि रावतसर तहसील क्षेत्र के एक राजकीय सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल गुरदयाल मेहरड़ा के खिलाफ 22 जुलाई को एक नाबालिग छात्रा के पिता ने छेड़खानी और अश्लील चैटिंग करने का मामला दर्ज कराया था। इसके साथ ही ग्रामीणों ने प्रिंसिपल को हटाने को लेकर स्कूल के बाहर धरना शुरू कर दिया था।

रावतसर थाने में दर्ज एफआईआर में आरोप लगाए गए हैं कि प्रिंसिपल स्कूल के सीसीटीवी कैमरे बंद करवा कर छात्राओं को ऑफिस में बुलाता था। फिर उनके साथ अश्लील हरकत और छेड़छाड़ करता था। प्रिंसिपल छात्राओं को किसी को भी इसके बारे में बताने पर टीसी काटने भविष्य बिगाड़ने की धमकी देता था। प्रिंसिपल गुरदयाल मेहरड़ा द्वारा छात्राओं के साथ अश्लील चैट और छेड़छाड़ करने की बात सामने आने पर ग्रामीणों ने स्कूल के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसको देखते हुए शिक्षा विभाग ने पहले आरोपी प्रिंसिपल को एपीओ किया। इसके बाद विरोध बढ़ता देख उसे निलंबित कर दिया गया।

### गिरफ्तारी के बाद धरना समाप्त

ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि आरोपी प्रिंसिपल गुरदयाल के जीजा भाजपा के बड़े नेता हैं, इसलिए राजनीतिक दबाव में पुलिस काम नहीं करेगी। इसके चलते एसपी ने जांच नोहर सीओ को सौंपी थी। प्रारंभिक जांच में मामला सही पाए जाने पर सोमवार को नोहर पुलिस ने आरोपी प्रिंसिपल को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया।

**बॉयफ्रेंड ने दरिंदगी के बाद** अपने दोस्तों को सौंपा

# घरवालों से नाराज होकर निकली नाबालिग से गैंगरेप, तीन गिरफ्तार

**बेधड़क** | अलवर

घर से नाराज होकर बॉयफ्रेंड से मिलने पहुंची नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बॉयफ्रेंड ने ही खुद के अलावा अपने दो दोस्तों के साथ नाबालिग की इज्जत को तार-तार किया। घटना के बाद पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है।

तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं फरार चल रहे अन्य 5 आरोपियों की तलाशी जारी है। मामला मालाखेड़ा थाना क्षेत्र का है। पीड़िता के मेडिकल के बाद कोर्ट में बयान दर्ज करवाया गया। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि मालाखेड़ा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग से गैंगरेप की घटना घटी है। पीड़िता के परिजनों ने थाने में आकर मामला दर्ज कराया। उनकी लड़की घर से बैग लेकर चली गई थी। उनको शक है कि उसका बॉयफ्रेंड उसको अपने साथ लेकर गया है।



जो उसके साथ गलत काम कर सकता है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और नाबालिग के दस्तयाब के लिए पुलिस टीम का गठन किया। इसके बाद बालिका को अलवर से दस्तयाब किया गया। आरोपियों ने अलवर में उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद मेडिकल कराकर कोर्ट में बयान दर्ज करवाया गया।

**भामाशाह मीणा ने** हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# हरिद्वार यात्रा पर रवाना हुए सैंकड़ों श्रद्धालु

**बेधड़क** | नादौती

उपखंड मुख्यालय से हरिद्वार के लिए बस यात्रा को भामाशाह रामनिवास मीना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने तीर्थ यात्रा पर गए श्रद्धालुओं को अपनी ओर से आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया है।

नादौती उपखंड क्षेत्र के करीब 100 से ज्यादा महिला-पुरुष बस यात्रा के माध्यम से हरिद्वार जाने के लिए एकत्र हुए। इस मौके पर पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। मीना ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ हरिद्वार जाने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया और सुखद यात्रा की कामना की। इस मौके पर पदयात्रा समिति के पदाधिकारियों ने भामाशाह मीना का माला और साफा पहना कर सम्मान किया। इस दौरान जयकारों से माहौल गुंजायमान हो उठा।



इस दौरान नादौती के सुनील गुप्ता, महेश गुप्ता, गोगल्या मीना, गोविंद प्रसाद गुप्ता, हरी, आशीष कुमार शर्मा, सचिन शर्मा, जितेंद्र गुप्ता, मुनेश मीना, लालासिंह राजपूत, गजेन्द्र सिंह राजपूत, वेदप्रकाश गुप्ता, बत्तीलाल जिंदल, रवि गुप्ता, सुभाष गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

**अलवर में बाइक को कार ने मारी टक्कर, भीलवाड़ा में मिनी बस व कार की भिड़ंत**

# दो जिलों में तेज रफ्तार ने छीनीं छह की सांसें, तीन लोग गंभीर घायल

**बेधड़क** | अलवर

प्रदेश के दो जिलों में रफ्तार का कहर बरपा। इसके चलते छह लोगों की जान चली गई। वहीं तीन लोग गंभीर घायल हो गए। अलवर और भीलवाड़ा में हुए सड़क हादसों के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने हादसे के शिकार लोगों को संभाला।

जानकारी के अनुसार अलवर शहर के पास ढाईपैड़ी के नजदीक सोमवार दोपहर 2 बजे भीषण हादसा हुआ। इसमें तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतकों में दो युवक और एक युवती शामिल है। फिलहाल एक युवक की पहचान अलवर के बूटोली गांव निवासी महेंद्र कुमार गुर्जर के रूप में हुई है। वहीं दो की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस दोनों मृतकों की पहचान के प्रयास में जुटी हुई है।

परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा अलवर शहर के पास ढाईपैड़ी के नजदीक हुआ। तेज रफ्तार फॉर्च्युनर कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।



### मृतक की जेब में मिले आधार कार्ड से हुई शिनाख्त

सहायक उप निरीक्षक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि एक मृतक युवक की जेब से आधार कार्ड मिला है। उसके अनुसार मृतक महेंद्र सिंह गुर्जर (22) पुत्र राजाराम है। वहीं अन्य एक युवती व युवक की पहचान की जा रही है। हादसे के बाद कार ड्राइवर वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। हालांकि, वहां मौजूद लोगों ने कार के नंबर पुलिस को सौंप दिए गए हैं। इसके आधार पर पुलिस कार की तलाश कर रही है।

## सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

जिले में रविवार रात एक कार और मिनी बस की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में कार में सवार महिला सहित 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हो गए।

कार सवार परिवार अजमेर का रहने वाला है और रविवार की छुट्टी होने से सभी मेनाल झरने पर घूमने के लिए गए थे। वहां से लौटते समय भीलवाड़ा कोटा राजमार्ग पर सवाईपुर चौराहे के निकट रविवार देर वे हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। आस-पास के लोग और राहगीर मदद के लिए दौड़े। जानकारी के बाद कोटड़ी सीओ श्यामसुंदर बिश्नोई, बड़लियास थाना प्रभारी शिवदत्त सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घायलों की मदद में जुट गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से हॉस्पिटल पहुंचाया।

वहीं मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। बड़लियास थाना प्रभारी शिवदत्त ने बताया कि विज्ञान नगर गली नंबर 4 अजमेर निवासी बिजेश राठौड़ (45) पुत्र शिवप्रसाद राठौड़, विपिन (30) पुत्र पूरणसिंह, संगीता (40) पत्नी बृजेश राठौड़ व उनके बेटे आर्यन (11), अनुराग (7) और बेटी दिव्यांशी (11) मेनाल झरने पर घूमने गए थे। वापस लौटते समय सामने से आ रही तेज रफ्तार मिनी बस ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार में सवार संगीता, दो बेटे आर्यन और अनुराग की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिता बृजेश राठौड़, बेटी दिव्यांशी और भतीजा विपिन गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद हाईवे करीब एक घंटे तक बाधित रहा।

### एमजेआरपी यूनिवर्सिटी की नेशनल सेमिनार में जुटे विशेषज्ञ

# स्पेशल एजुकेशन में आईडेंटिफिकेशन और स्ट्रेटेजी पर हुई चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

महात्मा ज्योति राव फुले विश्वविद्यालय जयपुर की ओर से सोमवार को 'अर्ली आइडेंटिफिकेशन, इंटरवेंशन एंड स्ट्रेटेजीज फॉर आर्बिट्रेशन इन स्पेशल एजुकेशन' विषय पर नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया।




झालाना डूंगरी स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर में आयोजित सेमिनार में देशभर से आए स्टूडेंट्स और रिसर्च स्कॉलर्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. शिव गौतम ने किया। एमजेआरपी यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्पेशल एजुकेशन डिपार्टमेंट की ओर से आयोजित सेमिनार में विशेषज्ञों ने स्पेशल शिक्षा में प्रारंभिक पहचान, हस्तक्षेप और रणनीतियों पर मंथन किया।

इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। सेमिनार में राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों के स्टूडेंट्स, शोधार्थी और फैकल्टी मैंबर्स ने पार्टिसिपेंट किया।

सेमिनार में करीब 250 रजिस्ट्रेशन किए गए। संचालन बॉयोटेक्नोलॉजी की फैकल्टी पारुल रांका ने किया।



#### ट्रेनिंग के विभिन्न पहलुओं पर मंथन

सेमिनार के पहले सत्र को मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. शिव गौतम, एम्स जोधपुर के नियोनेटोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण सिंह, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ विजुअली हैंडीकैप्ड के पूर्व निदेशक डॉ. हिमांशु दास, जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनौपचारिक शिक्षा विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद फैजुल्लाह खान ने अपने विचार व्यक्त किए। सेमिनार के दूसरे सत्र को सृष्टि बाल विकास एवं शिक्षण संस्थान, नई दिल्ली के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राजीव नंदी, टीआरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल उज्जैन की सीजीसी बाल मनोवैज्ञानिक डॉ. वंदना पाटिल और राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी पांडिचेरी के निदेशक डॉ. नंधा कुमार पूजम ने संबोधित किया। नेशनल सेमिनार में स्पेशल एजुकेशन, स्पीच थैरेपी, व्यवहारात्मक समस्याओं के निवारण की विधियां, वोकेशनल ट्रेनिंग समेत विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने विचार-विमर्श किया।

## Yuva स्टोरीज



**व्याख्यान में एआई और एमएल पर चर्चा |**
**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग की ओर से सोमवार को 'मैथेमेटिकल सांइसेज एंड इट्स रोल इन कम्प्यूटेशनल एल्गोरिदम ऑफ एआई एंड एमएल' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने व्याख्यान की मुख्य वक्ता यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम की सहायक आचार्य डॉ. ज्योति थानवी का स्वागत किया। डॉ. थानवी ने कार्यक्रम में गणित एवं सांख्यिकी विषय में कॅरियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा मशीन लर्निंग में गणित एवं सांख्यिकी विषय की भूमिका के बारे छात्राओं को अवगत करवाया। कार्यक्रम में गणित एवं सांख्यिकी विभाग की प्राध्यापिकाओं सहित सौ से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। विभागाध्यक्ष ऋषि दस्सानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**स्वास्तिका जैन को पीएचडी की उपाधि |** **जयपुर।** आईआईएस यूनिवर्सिटी के अकांउटिंग एंड टैक्सेशन डिपार्टमेंट की स्टूडेंट स्वास्तिका जैन को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है। स्वास्तिका को 'ए कंपरैटिव स्टडी और क्यूइंग थ्योरी इन पब्लिक एंड प्राइवेट सेक्टर हॉस्पिटल्स इन जयपुर' विषय पर किए गए शोध पर पीएचडी की उपाधि मिली है। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ.रुचि जैन के निर्देशन में पूरा किया।



### चर्चा सत्र में महिला उद्यमिता पर वार्ता

## आईआईएस में नैन्सी वांग ने बताई सोशल मीडिया की बारीकियां

**बेधड़क** | जयपुर

अमरीकी दूतावास और पैन मीडिया फाउंडेशन की ओर से सोमवार को मानसरोवर स्थित आईआईएस यूनिवर्सिटी के डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में नवाचार और महिला उद्यमिता विषयक अहम चर्चा हुई। यह कार्यक्रम अमरीकी दूतावास और पैन मीडिया फाउंडेशन की ओर से आयोजित किया गया। इस मौके पर अमेजन वेब सर्विसेज की जनरल मैनेजर नैन्सी वांग ने आईआईशियन्स को सोशल मीडिया की बारीकियां बताईं।

वर्तमान में वांग अमेजन वेब सर्विसेज में उत्पाद और इंजीनियरिंग की महाप्रबंधक हैं। वह डेटा सुरक्षा और डेटा सुरक्षा व्यवसायों के लिए पी एंड एल, उत्पाद, इंजीनियरिंग और डिजाइन का भी नेतृत्व रही हैं। कार्यक्रम में पैन मीडिया फाउंडेशन के सहयोग से स्कूल में संचालित स्किल आधारित पाठ्यक्रम 'मास मीडिया स्टडीज' के विद्यार्थियों सहित प्रदेश में उद्यमिता और नीतियों पर काम करने वाले संगठनों के प्रतिनिधि और युवा उद्यमी भी शामिल हुए।

संवाद के दौरान नैंसी और उनकी टीम ने मीडिया लिटरेसी अभियान और सशक्त नागरिक बनने में इसकी उपयोगिता के लिए हो रहे नवाचारों की जानकारी भी दी।

आईआईएस की प्रिंसिपल माला अग्निहोत्री ने बताया कि नई पीढ़ी को तेजी से बदलती तकनीक और नए प्रचलनों से अवगत कराने में ऐसे कार्यक्रम कारगर होते हैं। इस मौके पर दिल्ली स्थित अमरीकी दूतावास की पब्लिक डिप्लोमेसी सलाहकार सुपर्णा मुखर्जी और पैन मीडिया फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. शिप्रा माथुर भी मौजूद रहीं।




### राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तीन साल

# देश की नई पीढ़ी के लिए शिक्षा का नया सवेरा

**बेधड़क** | जयपुर

देश की शिक्षण व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन कर इसे लचीला और युवा केंद्रित बनाने के लिए 2020 में लाई गई नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की तीसरी वर्षगांठ मनाई जा रही है।

देश में 34 साल पुरानी शिक्षा नीति की जगह लाई गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) अधिसूचित होने के तीन साल के दौरान केंद्र द्वारा कई पहल शुरू की गई हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लॉन्च के तीन साल पूरे होने के अवसर पर 29 जुलाई को दिल्ली में अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन किया।

एनईपी के विभिन्न प्रावधानों को लागू करने के लिए देशभर के शिक्षण संस्थान मशक्कत कर रहे हैं। कई प्रावधान लागू किए जा चुके हैं तो कई प्रक्रिया के दौर में हैं। इस खबर में पढ़िए एनईपी के दस प्रमुख प्रावधान और उनकी वर्तमान स्थिति, जो स्कूल शिक्षा व उच्च शिक्षा की सूरत बदल रहे हैं।



#### फॉरेन यूनिवर्सिटी इन इंडिया

विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए भारत में अपने परिसर स्थापित करने के दिशानिर्देश अंतिम चरण में हैं और एक महीने में अधिसूचना जारी होने की संभावना है। मसौदा जनवरी में सार्वजनिक डोमेन में डाल दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया के वोलोंगोंग और डीकिन विवि ने गुजरात में परिसर स्थापित करने के लिए एमओयू साइन किया है।

#### हायर एजुकेशन कॉन्सिल

एनईपी ने एक एकल उच्च शिक्षा नियामक का विचार प्रस्तावित किया है, जो तीन निकायों यूजीसी, एआईसीटीई और राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) को एकीकृत करेगा। इसके मसौदे पर अभी भी काम किया जा रहा है।

#### आईआईटी इन फॉरेन

आईआईटी मद्रास तंजानिया के जांजीबार में एक परिसर स्थापित कर रहा है जो अक्टूबर में अपना पहला शैक्षणिक सत्र शुरू करेगा। आईआईटी दिल्ली ने अबू धाबी में एक परिसर स्थापित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं। आईआईटी खड़गपुर मलेशिया में एक कैंपस स्थापित करने की प्रक्रिया में है।

#### फाउंडेशन के लिए 'जादुई पिटारा'

फाउंडेशनल स्टेज के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ एफएस) भारत में 3 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए पहला एकीकृत पाठ्यक्रम ढांचा है। एनसीएफ एफएस पर आधारित 'जादुई पिटारा: लर्निंग टीचिंग मॅटीरियल' फरवरी में लॉन्च किया गया था। इसमें बच्चों के लिए खेल-आधारित शिक्षण-शिक्षण सामग्री शामिल है।

#### नन्हे बच्चों का 'विद्या प्रवेश'

एनसीईआरटी ने कक्षा 1 के लिए 'विद्या प्रवेश' नामक तीन महीने का खेल-आधारित स्कूल तैयारी मॉड्यूल विकसित किया है। कक्षा 1 में प्रवेश करने वाले बच्चों के लिए लगभग 12 सप्ताह का यह मॉड्यूल अनिवार्य है जिससे बच्चे की पूर्व-साक्षरता, पूर्व-संख्यात्मकता, संज्ञानात्मक और सामाजिक कौशल को बढ़ावा दिया जा सके। अब तक सिक्किम, मणिपुर और केरल को छोड़कर 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने वर्ष 2022-23 से विद्या प्रवेश लागू कर दिया है।

#### उभरते भारत के लिए 'पीएम श्री'

प्रधान मंत्री ने 29 जुलाई को पीएम एसएचआरआई योजना के तहत धन की पहली किस्त जारी की। योजना के तहत स्कूल छात्रों को इस तरह से पोषित करेंगे कि वे एक समतापूर्ण, समावेशी और बहुलवादी समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध, उत्पादक और योगदान देने वाले नागरिक बनें, जैसा कि परिकल्पना की गई है।

#### क्षेत्रीय भाषाओं में ज्ञान

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने 12 राज्यों में सात क्षेत्रीय भाषाओं में 49 इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की अनुमति दी है। हिंदी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। सीयूईटी, जेईई और नीट 13 भाषाओं में आयोजित किए गए हैं। एआई-आधारित ऐप अणुवादिनी के माध्यम से पाठ्यपुस्तकों का कई भारतीय भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है।

#### कौशल विकास के लिए ड्यूअल डिग्री

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने छात्रों के लिए भौतिक मोड में दो पूर्णकालिक शैक्षणिक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं, बशर्ते ऐसे मामलों में, एक कार्यक्रम के लिए कक्षा का समय दूसरे के साथ ओवरलैप न हो। कई यूनिवर्सिटीज छात्रों को यह सुविधा दे रही हैं।

#### उच्च शिक्षा में 'प्रोफेसर्स ऑफ प्रेक्टिस'

विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा संस्थान (एचईआई) अब प्रतिष्ठित विशेषज्ञों को संकाय सदस्य के रूप में नियुक्त कर सकते हैं, जिसके लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य नहीं है। यूजीसी के पोर्टल पर 6711 पंजीकृत विशेषज्ञ और 152 पंजीकृत एचईआई हैं।

#### फोर ईयर ग्रेजुएशन (FYUP)

देश के 19 केंद्रीय विश्वविद्यालयों सहित कुल 105 विश्वविद्यालयों ने 2023 शैक्षणिक सत्र से FYUP शुरू किया है। एनईपी ने सिफारिश की है कि स्नातक की डिग्री तीन या चार साल की अवधि की होनी चाहिए। इस अवधि के भीतर कई निकास विकल्प व प्रमाणपत्र विकल्प होंगे।




### नृत्य प्रस्तुतियों ने बांधा समां

## विशारद उपाधि पाकर खिले चेहरे

**बेधड़क** | जयपुर

शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान के दो दिवसीय सांस्कृतिक समारोह के अंतिम दिन सोमवार को साइंस पार्क ऑडिटोरियम में शास्त्रीय नृत्यों के बीच करीब 30 स्टूडेंट्स को संगीत विशारद उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ संगीतज्ञ अमित अनुपम के निर्देशन में सजे शास्त्रीय नृत्य कार्यक्रम में बाल व युवा वर्ग में अनेक कलाकारों ने जयपुर घराने के शुद्ध पारंपरिक कथक और भरतनाट्यम की सलोनी प्रस्तुति दी।

नृत्य गुरु पं.संजीव कुमावत के निर्देशन में कलाकार भावना व्यास, खुशबू पारीक, नित्या अग्रवाल और हिरण्या तुलस्यान ने आकर्षक फुटवर्क और बेहतरीन आंगिक-भंगिमाओं से कथक का लालित्यपूर्ण प्रदर्शन कर प्रशंसा पाई। बाल कलाकार श्रव्या, दजशी, चार्वी परि और हिनायशा ने ठाठ, कवित्त, तोड़े, टुकड़े, परण, फरमाइशी चक्करदार परण की प्रस्तुति के दौरान अपनी तैयारी और तकनीकी पक्ष का खूबसूरत प्रदर्शन किया।

#### इन स्टूडेंट्स को मिली डिग्री

संस्थान की छात्रा सुहानी खंडेलवाल, प्रियदर्शिनी सोलंकी, तुलिप खींची, अवनी राजावत, हरशीन शेखावत, सुनीता सिंह, नीताक्षी शर्मा, लविना खत्री, यामिनी गुरुंग और यशस्वी विश्नोई समेत 30 स्टूडेंट्स को इस अवसर पर विशारद उपाधि प्रदान की गई।

कार्यक्रम में नृत्यगुरु मीनाक्षी लखोटिया के निर्देशन में नव्या, रिदिमा, उदिति, अर्पिता, सानिया, अरायणा, गनिका, वरवीणा, यवि, तनुश्री, कनिष्का, आन्या और कशिश ने पुष्पांजलि में नृत्याभिनय, मुद्राओं का बेहतरीन संयोजन दर्शाकर भरतनाट्यम नृत्य का नयनाभिराम प्रदर्शन किया।

इसके बाद तिल्लाना प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया। कार्यक्रम का संचालन वीना अनुपम ने किया। अंत में संस्थान सचिव अमित अनुपम ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

## पहली सीट आवंटन सूची 4 को

**जयपुर।** राजस्थान नीट यूजी काउंसलिंग- 2023 के लिए ऑनलाइन विकल्प भरने की प्रक्रिया सोमवार को समाप्त हो गई। प्रदेश के सरकारी व निजी मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में प्रवेश के लिए स्टूडेंट्स की ओर से भरे गए विकल्पों की ऑटो-लॉकिंग के बाद ऑनलाइन आवेदन पत्र की छपाई शुरू हो गई है। राजस्थान एनईईटी काउंसलिंग-2023 शेड्यूल के अनुसार, पहला सीट आवंटन परिणाम 4 अगस्त को घोषित किया जाएगा। उम्मीदवार आवंटन पत्र डाउनलोड कर सकेंगे और 5 से 8 अगस्त के बीच अपने आवंटित कॉलेज को रिपोर्ट कर सकेंगे। अनंतिम सीट मैट्रिक्स और श्रेणी-वार मेरिट सूची 29 जुलाई को जारी की गई थी। अगला दौर जल्द ही शुरू होगा। नया शैक्षणिक सत्र सितंबर से शुरू होगा।

### मंथन | IIT जोधपुर में AIIMS के सहयोग से आयोजित हुआ बूट कैम्प

# इंजीनियर्स और डॉक्टर्स ने समझे बायोडिजाइन प्रोसेस

**बेधड़क** | जयपुर

टेक्नोलॉजी और मेडिकल फील्ड से जुड़े विशेषज्ञों ने हेल्थकेयर क्षेत्र में तकनीकी के गहन उपयोग व मेडिटेक इंडस्ट्री में बायोडिजाइन की प्रक्रियाओं पर चर्चा की। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) जोधपुर की ओर से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), स्टेनफोर्ड बायर्स सेंटर फोर बायोडिजाइन और जोधपुर सिटी नॉलेज एंड इनोवेशन क्लस्टर (JCKIC) के सहयोग से बायोडिजाइन पर एक बूट कैम्प का आयोजन किया गया।



आईआईटी जोधपुर स्थित जोधपुर क्लब में यह बूट कैम्प आईआईटी की ओर से 2020 में एम्स जोधपुर के साथ शुरू किए गए मेडिकल टेक्नोलॉजीज के शिक्षण व ट्रेनिंग कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था।

बूट कैम्प में शामिल हुए डॉक्टर्स और इंजीनियर्स को आईआईटी और एम्स की टीम, उद्यमियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने परामर्श दिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य एक ऐसे इकोलॉजी सिस्टम का निर्माण करना था जो हेल्थकेयर क्षेत्र में गहन तकनीकी उद्यमिता को बढ़ावा दे। कैम्प के दौरान स्टेनफॉर्ड यूनिवर्सिटी के स्टेनफोर्ड बायर्स सेंटर फॉर बायोडिजाइन के वैश्विक आउटरीच कार्यक्रमों के निदेशक अनुराग मायरल और स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी की सलाहकार आयशा चौधरी ने एम्स और आईआईटी जोधपुर के संकाय सदस्यों और छात्रों को बायोडिजाइन की प्रक्रियाओं से परिचित कराया। बूट कैम्प में आईआईटी व एम्स के स्टूडेंट्स, रिसर्च स्कॉलर्स व फैकल्टी मेंबर्स शामिल हुए।

#### मेडि-टेक के लिए साझा मंच का प्रयास

इस बूट कैम्प का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों और इंजीनियरों के लिए वास्तविक दुनिया की चिकित्सा आवश्यकताओं को मान्य करने, नए स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी उत्पादों का आविष्कार करने और स्वास्थ्य सेवा में उनके कार्यान्वयन की योजना बनाने के लिए एक साझा मंच बनाना है। अनुराग मायरल ने कैम्प के दौरान कहा कि मैं आईआईटी जोधपुर में प्रशिक्षण की अंतः विषय प्रकृति से प्रभावित हुआ। आईआईटी और एम्स के संकाय प्रतिभागी बायोडिजाइन प्रक्रिया सीखने और मेडटेक में संयुक्त कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में एक साथ काम करने को लेकर खुले और उत्साहित थे। आईआईटी निदेशक शांतनु चौधरी ने अपने संबोधन में बायोडिजाइन प्रक्रिया और उद्यमिता के दर्शन के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि यह इस मेडिकल टेक्नोलॉजीज शैक्षणिक कार्यक्रम के भीतर कैसे समाहित है।

### मणिपुर मुद्दे पर सरकार को घेरने की विपक्ष की रणनीति

# अविश्वास प्रस्ताव का गिरना तय





प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

विपक्ष के नए-नए गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) द्वारा लोकसभा में एक ऐसा अविश्वास प्रस्ताव लाया है, जिसका गिरना तय है। मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद में जारी दोनों सदनों में गतिरोध के बीच कांग्रेस और इंडिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर के मुद्दे पर सदन में बोलने के लिए बाध्य करने की रणनीति के तहत यह प्रस्ताव पेश किया, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार कर लिया। अब बिरला सभी दलों के नेताओं से चर्चा के बाद प्रस्ताव पर परिचर्चा की तिथि तय करेंगे। अविश्वास पर बहस के बाद मतदान भी संभव है। नियमों के अंतर्गत पूर्वोत्तर के ही राज्य असम से कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने अध्यक्ष के समक्ष यह प्रस्ताव रखा था।

संसद में गतिरोध या विपक्षी दलों की हठधर्मिता कोई नई बात नहीं है, संसद के नियमों में इस बात की पर्याप्त गुंजाइश है कि सरकार को किसी विषय पर उत्तर देने के लिए विवश कर दिया जाए। ऐसा पहले भी होता रहा है। कोई भी लोकसभा सदस्य नियम 184 के तहत लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकता है। सदन की मंजूरी के बाद इस पर चर्चा और फिर निर्णायक स्थिति अंजाम तक पहुंचाने के नजरिए से मतदान होता है। लेकिन प्रस्ताव पर बहस की मंजूरी के लिए कम से कम 50 सदस्यों का समर्थन जरूरी है। 50 से ज्यादा सदस्यों का समर्थन मिलना निश्चित है। बावजूद भाजपा नेतृत्व वाली राजग सरकार के लिए दूर-दूर तक कोई खतरा नहीं है। वर्तमान लोकसभा में कुल 543 सीटें हैं। फिलहाल पांच खाली हैं। इनमें करीब 333 से अधिक सांसद भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन व अन्य सहयोगी घटक दलों के हैं। 301 सांसद अकेली भारतीय जनता पार्टी के हैं। कांग्रेस समेत इंडिया के कुल 142 सांसद हैं। यदि इंडिया को 'तेलंगाना राष्ट्र समिति' (बीआरएस) का समर्थन मिल जाता है तो यह संख्या बढ़कर 151 हो सकती है ? इस दल के अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव हैं, जो तेलंगाना राज्य के पहले मुख्यमंत्री भी हैं। करीब 60 सांसद ऐसे हैं, जिनका दोनों प्रमुख गठबंधन के दलों से कोई नाता नहीं है। अर्थात ये मतदान के समय अपना निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। ऐसे में इनका समर्थन सत्तारुढ़ राजग को मिलने की संभावना जताई जा रही है।

> "मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद में जारी दोनों सदनों में गतिरोध के बीच कांग्रेस और इंडिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर के मुद्दे पर सदन में बोलने के लिए बाध्य करने की रणनीति के तहत यह प्रस्ताव पेश किया, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार कर लिया। अब बिरला सभी दलों के नेताओं से चर्चा के बाद प्रस्ताव पर परिचर्चा की तिथि तय करेंगे। अविश्वास पर बहस के बाद मतदान भी संभव है। नियमों के अंतर्गत पूर्वोत्तर के ही राज्य असम से कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने अध्यक्ष के समक्ष यह प्रस्ताव रखा था।"

नौ वर्षों में यह दूसरा अवसर है, जब नरेंद्र मोदी सरकार अविश्वास प्रस्ताव का सामना करेगी। इससे पहले जुलाई 2018 में मोदी सरकार के विरुद्ध कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाया था, लेकिन उसे जबरदस्त मतों के अंतर से मुंह की खानी पड़ी थी। इस अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में महज 126 मत गिरे थे, जबकि इसके विरुद्ध 325 सांसदों ने अपने मत का उपयोग किया था। इस बार भी इस हठधार्मिता का भविष्य लगभग तय है, क्योंकि संख्याबल स्पष्ट रूप से भाजपा के पक्ष में है। मतदान की स्थिति में सरकार और मजबूती से उभर कर अपनी ताकत जता सकती है। ज्यादातर अविश्वास प्रस्ताव उस समय पेश किए जाते हैं, जब सरकार सदन में अल्पमत की स्थिति में हो और बहुमत पेश करने में असमंजस के दौर से गुजरना पड़ रहा हो? लेकिन हम भली भांति जानते हैं कि वर्तमान में विपक्ष का मुख्य उद्देश्य मणिपुर हिंसा के परिप्रेक्ष्य में सरकार को घेरकर प्रश्नों के उत्तर मांगना है। हालांकि इस सिलसिले में सरकार संसद के बाहर चाहे गए प्रश्नों के उत्तर दे रही है, लेकिन संसदीय कार्यप्रणाली के मापदंडों में ये उत्तर आधिकारिक नहीं हैं। दूसरे, विपक्ष का यह त्रियाहठ ही है कि वह इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री का ही जवाब चाहता है। यह कोई संविधान-सम्मत बाध्यकारी तथ्य नहीं है कि प्रधानमंत्री ही जवाब दें। विषय से संबंधित विभाग का मंत्री भी जवाब दे सकते हैं। प्रधानमंत्री तो सदन के बाहर कुछ न कुछ प्रतिक्रिया दे ही रहे हैं, वरना पीवी नरसिंह राव और मनमोहन सिंह ऐसे प्रधानमंत्री रहे हैं, जो बड़े से बड़े मुद्दे पर चुप्पी साधे रखना ही अपने दल और देश का हित मानते रहे हैं। बावजूद सदन के प्रत्येक सदस्य को यह अधिकार संसद देती है कि वह मंत्री समेत प्रधानमंत्री से भी सीधा जवाब तलब कर सकते हैं।

> मणिपुर में कुछ दिनों की फौरी शांति के बाद जो हिंसा भड़की हैं, उसमें शक की सुई उन 718 लोगों पर जा टिकी है, जो हिंसा के दो दिन पहले ही म्यांमार से मणिपुर में अवैध तरीके से घुसे हैं। इस घुसपैठ के बाद से ही सेना और सैन्य बलों पर सीधे हमले शुरू हो गए हैं। ताजा हमला टेंग्नोउपाल जिले के मोरेह कस्बे में हुआ है। यह इलाका भारत का आखिरी शहर है और म्यांमार की सीमा से सटा है। कुकी महिला यूनियन और ह्यूमन राइट्स ऑफ मोरेह के सशस्त्र हमलावरों ने वन विभाग के दफ्तर समेत तीस से ज्यादा घरों को आग के हवाले कर दिया।

देश यह भी भली भांति जानता है कि नरेंद्र मोदी ऐसे समर्थ वाक् पटु प्रधानमंत्री हैं, जो जटिल से जटिल प्रश्न का उत्तर अपने गठबंधन और देश के हित को ध्यान में रखते हुए बेबाकी से दे सकते हैं। लेकिन हर मुद्दे को वे इस हद तक ले जाते हैं कि एक तो उसमें प्रति-प्रश्न करने की कोई गुंजाइश न रह जाए, दूसरे विपक्ष थक-हार कर खुद ही मौन होने की मनस्थिति में आ जाए। फिर भी प्रधानमंत्री जानते हैं कि लोकतंत्र में संसद में जवाब मांगने के अधिकार की रक्षा संवैधानिक दायित्व भी इसलिए वे जवाब तो देंगे ही, परंतु मणिपुर की तात्कालिक हिंसा और उसके अतीत की पृष्ठभूमि से ऐसे सवाल उठाएंगे कि विपक्ष बगलें झांकने लग जाए? क्योंकि मणिपुर आजादी के समय से ही एक ऐसा सुलगता सवाल रहा है, जिसमें बढ़ते ईसाईकरण और बांग्लादेश व मंयामार के घुसपैठिए जातीय हिंसा को चिंगारी दिखाने का काम करते रहे हैं।

मणिपुर में कुछ दिनों की फौरी शांति के बाद जो हिंसा भड़की हैं, उसमें शक की सुई उन 718 लोगों पर जा टिकी है, जो हिंसा के दो दिन पहले ही म्यांमार से मणिपुर में अवैध तरीके से घुसे हैं। इस घुसपैठ के बाद से ही सेना और सैन्य बलों पर सीधे हमले शुरू हो गए हैं। ताजा हमला टेंग्नोउपाल जिले के मोरेह कस्बे में हुआ है। यह इलाका भारत का आखिरी शहर है और म्यांमार की सीमा से सटा है। कुकी महिला यूनियन और ह्यूमन राइट्स ऑफ मोरेह के सशस्त्र हमलावरों ने वन विभाग के दफ्तर समेत तीस से ज्यादा घरों को आग के हवाले कर दिया। संपत्ति और धन की लूटपाट की। कस्टम प्रिवेंटिव फोर्स के दफ्तर में भी आग लगा दी। हिंसक घटनाओं से रूबरू होते रहने के बावजूद मौके पर मौजूद मणिपुर पुलिस कमांडो, असम रायफल्स और सेना के जवान शांत रहे। लेकिन जब इस उपद्रवी समूह ने जवानों पर ही गोलीबारी शुरू कर दी और एक महिला सैनिक की मौत हो गई, तब सेना ने भीड़ में हस्तक्षेप और हवाई फायरिंग कर भीड़ को तितर-बितर कर दिया। स्थानीय पुलिस अधिकारियों का मानना है कि ये हमलावर म्यांमार के चिन-कुकी उग्रवादी हैं, जो दो दिन पहले ही भारतीय सीमा में अवैध रूप से घुस आए हैं। यह मुद्दा स्थानीय मैतेई, नगा और कुकी जातीय समुदायों का न रहकर विदेशी घुसपैठियों की दखल का मुद्दा भी बन गया है। इसे चीन का समर्थन भी हो सकता है? अतएव यहां यह भी समझने की जरूरत है कि यह मुद्दा मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों पर लगाई गई लगाम का भी परिणाम है। इसलिए इसे केवल कुकी समुदाय का मुद्दा मानकर चलना भ्रम होगा?

नशे के कारोबारियों का जाल केवल मणिपुर या भारत में ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर फैला हुआ है। विपक्ष इस सच्चाई से खूब परिचित है। वह जानता है कि आखिरकार अविश्वास प्रस्ताव का परिणाम राजग के हित में रहना है। लेकिन मणिपुर हिंसा को लेकर प्रस्ताव लाने की एक बड़ी वजह अक्टूबर-नवबंर में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और फिर उसके पांच माह बाद आम चुनाव होना भी है। इसलिए विपक्ष मणिपुर को लेकर एक ऐसे नैरेटिव (कथा) को महिमामंडित करना चाहता है, जिसकी परछाईं में मोदी सरकार के उज्जवल पक्ष को धूमिल किया जा सके? वरना अविश्वास प्रस्ताव तब लाया जाता है, जब विपक्ष या देश को लगे कि सरकार ने सदन में बहुमत और जनता में विश्वास खो दिया है। फिलहाल मोदी सरकार ऐसी किसी भी विडंबनापूर्ण स्थिति का सामना नहीं कर रही है। देश-दुनिया में जो भी सर्वेक्षण हो रहे हैं, उनमें मोदी शिखर पर हैं और सदन में संख्याबल का संकट दूर-दूर तक नहीं है। फिर भी अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में आम जनता रुचि लेती है। विपक्षी सांसदों को सदन में बोलने का अवसर मिलता है। मणिपुर के साथ-साथ ये लोग महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को भी उछालकर सरकार को कठघरे में खड़ा करते हैं और क्षेत्र में लोकप्रिय हो जाते है। इस चर्चा से विपक्षी दलों के नए गठबंधन को प्रगाढ़ होने का अवसर भी मिल सकता है। लेकिन चतुर-सुजान मोदी नए गठबंधन की एकजुटता पर भी ऐसे प्रहार कर सकते हैं, जिनका विपक्षी दलों को जवाब देना ही मुश्किल हो जाएगा? साथ ही यदि गठबंधन मतदान के समय अपेक्षित संख्या दिखाने में चूक जाता है तो अविश्वास प्रस्ताव के खेल का दांव उलटा भी पड़ सकता है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## व्यंग्य

# ये शरारत मेरे साथ हो



गोविंद सेन
व्यंग्यकार

बरखा बाहर आती है, पर सबके लिए रस की फुहार ही लाए, यह कतई जरूरी नहीं। बरसात केवल उन्हीं नर पुंगवों के लिए सुखकर होती है जिनके घरों की छतें टपकती न हो। ये ऋतु उन्हीं नायिकाओं के लिए आनंददायक है जिनके नायक घर पर ही मौजूद हों। दो टके की नौकरी के लिए परदेश गए हुए न हों अन्यथा बेचारी नायिका का लाखों का सावन यूं ही गुजर जाएगा। आधी रात को आकाश में मेघ छा जाएंगे और उसके लिए नींद बैरन बन जाएगी। प्राचीन काल से ही कविगण इन वियोगिनी नायिकाओं की वर्षाकालीन व्यथा के विविध पक्षों को उजागर करते आए हैं। अब कवियों को उन नायकों के बारे में भी सोचना चाहिए जिनकी नायिकाएं परदेश में जाकर दो टके की नौकरियां कर रही हैं। उन्हें वर्षा ही नहीं, हर ऋतु में वियोगग्रस्त रहना पड़ता है।

बरसात का सीधा संबंध बाढ़ और सूखे से है। यदि पानी की अधिक मेहरबानी हो जाए तो बाढ़ आती है जिससे कई लोग बर्बाद हो जाते हैं। जबकि कुछ लोग इस बाढ़ के कारण ही आबाद होते देखे गए हैं। यदि मेघ रूठे रहें तो सूखा पड़ता है जिससे कई लोगों के जीवन सूख जाते हैं। जबकि कुछ लोगों की तबियत हरी हो जाती है। जी हां, ये कुछ लोग हमेशा मजे में ही रहते हैं। आटा केवल गरीबों का ही गीला होता है।

बारिश के आते ही मुझे मेरे बचपन के दिन याद आने लगते हैं। तब घर पर पतरों की छत थी जिसमें राणा सांगा के शरीर से अधिक घाव थे। बारिश शुरू होते ही छत यत्र-तत्र ही नहीं, सर्वत्र लगती थी। यह जानना मुश्किल हो जाता कि पानी कहां से नहीं टपक रहा है। घर का कोना-कोना पानी से दोस्ती कर लेता था। माचिस की तिलियां सीला जातीं। चूल्हा ठंडा पड़ जाता। दीवारों से भी पानी रिसने लगता। जिन जगहों पर पानी टपकता उन जगहों पर बर्तन रखे जाते। किन्तु कुछ जगहों को यूं ही छोड़ना पड़ता। क्योंकि जितनी जगहों पर पानी टपकता था उतनी जगहों के लिए घर में बर्तन ही नहीं थे। अर्थात घर में उपलब्ध सभी बर्तनों से अधिक स्थानों पर पानी टपकता था।

जब कभी रात में बारिश होती तो स्थिति एकदम भयावह हो जाती। पूरी रात बर्तनों का पानी बाहर खाली करना पड़ता। इसी दौरान किसी बात को लेकर माता-पिता के बीच वाक्-युद्ध शुरू हो जाता जो जल्दी ही हिंसक हो उठता। मोगरी, दराती और कुल्हाड़ी जैसे अस्त्र-शस्त्र चलने लगते। किसी अनहोनी घटना का भय भी बारिश के साथ हम सब भाइयों पर बरसने लगता। बरसात बादलों के लिए कबड्डी का खेल होता होगा लेकिन वह हमारे लिए मुसीबतों का पहाड़ था। हम सच्चे मन से बारिश के थमने की प्रार्थना करने लगते। हम सोचते कि कितना अच्छा हो कि हमारे घर पर पानी बरसे ही नहीं। पूरे गांव में, खेतों में, गलियों में हर जगह पानी बरसे, केवल हमारे घर को छोड़ दे। कविवर नीरज को उनके घर को छोड़ कर पूरे शहर में बरसात का होना व्यथित कर गया था। उनके लिए बरसात की यह शरारत असहनीय थी। उन्होंने भारी मन से लिखा हैः-


अब के सावन में ये शरारत ये मेरे साथ हुई,
मेरा घर को छोड़ के कुल शहर में बरसात हुई।

लेकिन हमारे लिए बरसात की यह शरारत मनचाही मुराद होती। यदि कविवर नीरज के स्थान पर मैं होता तो लिखताः-

हर सावन में शरारत ये मेरे साथ हो,
मेरा घर को छोड़ के कुल शहर में बरसात हो।




**वसुंधरा राजे,** पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान
@VasundharaBJP
बीते 9 वर्षों में महिलाओं के जीवन में जो सुखद बदलाव आया है, उससे साबित होता है कि मोदी सरकार महिलाओं की बेहतरी के लिए तत्परता से खड़ी है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
यदि आप अपने आप को अच्छी तरह से प्रबंधित करना जानते हैं, तो आप चिंता या दुख का नहीं, बल्कि आनंद का रसायन बनाएंगे।



**दीया कुमारी,** बीजेपी सांसद, राजस्थान
@KumariDiya
चितौड़गढ़ में खुलेआम सड़क पर बदमाश एक महिला को पीट रहे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन सब बेखबर हैं, कांग्रेस के राज में कानून का इकबाल खत्म हो गया है।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
जितना अधिक हम स्वयं रेत की तरह गंदगी से बाहर निकलने का प्रयास करते हैं, हम और भी अधिक गहराई में समा जाते प्रतीत होते हैं।



**श्री रवि शंकर,** योग गुरु (लेखक)
@Srisri
प्यार को समझने की कोशिश करना एक व्यर्थ अभ्यास है; आप केवल वही हो सकते हैं।

### नॉलेज कॉर्नर: जानिए किसे मिल सकती है 'पावर ऑफ अटॉर्नी'

# एक प्रकार का कानूनी दस्तावेज 'मुख्तारनामा'

भारत एक लोकतांत्रिक देश है, यहां खास से लेकर आम तक सभी प्रकार के नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हैं। समानता, स्वतंत्रता, शिक्षा के अधिकार से लेकर बोलने की आजादी, विचार प्रकट करने की स्वतंत्रता हर किसी को संविधान के माध्यम से दी गई है। ठीक इसी प्रकार कोई भी व्यक्ति किसी भी अन्य व्यक्ति को अपनी संपत्ति का स्थाई या अस्थाई अधिकार प्रदान करवा सकता है। इस प्रकार के अधिकार को मुख्तारनामा या पॉवर ऑफ अटॉर्नी कहते हैं। लेकिन इसको लेकर कई प्रकार के मतभेद बने हुए हैं, तो वहीं कुछ लोग असमंजस होते हैं कि आखिर यह हक किसे दिया जा सकता है, इसकी क्या योग्यताएं हैं, तथा कितने समय बाद इसे खारिज किया जा सकता है। इन सब के बारे में विस्तारपूर्वक जानेंगे आज के कॉर्नर में...

## पावर ऑफ अटॉर्नी के प्रकार

भारत में पॉवर ऑफ अटॉर्नी एक्ट 1982 के तहत 4 तरह की पावर ऑफ अटॉर्नी इश्यू करने का प्रावधान है। कन्वेंशनल पावर ऑफ अटॉर्नी, ड्यूरेबल पावर ऑफ अटॉर्नी, स्प्रिन्गिंग पावर ऑफ अटॉर्नी तथा मेडिकल पावर ऑफ अटॉर्नी। प्रथम मुख्तारनामा को जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी भी कहते हैं। इसके तहत व्यक्ति को किसी खास जिम्मेदारी के लिए निश्चित समय के लिए अधिकार दिया जाता है। दूसरे मुख्तारनामा को पूरे जीवन काल के लिए चुना जाता है। इसके तहत अधिकर्ता को फैसले लेने का अधिकार दिया जाता है। तीसरे मुख्तारनामा को उस समय काम में लिया जाता है जब जब ग्रांटर फैसला लेने में असमर्थ हों। चौथे मुख्तारनामा को स्वास्थ्य संबंधी स्थिति में उपयोग किया जाता है।




## क्या है मुख्तारनामा

मुख्तारनामा वह अधिकार पत्र है, जो एक प्रकार का कानूनी लिखित दस्तावेज है। इसमें कोई व्यक्ति किसी दूसरे को उसके किसी निजी कार्य, व्यापार या कानूनी कार्य के लिये उसका प्रतिनिधित्व करने का यह अधिकार प्रदान करता है। अत: जिस व्यक्ति को यह अधिकार दिया जाता है उसे मुख्तार या एटार्नी कहते हैं। व्यक्ति इसका लाभ उस स्थिति में उठा सकता है, जब वह विदेश में रह रहा हो, तथा उसके लिए अपने देश में आना-जाना नामुमकिन हो, ऐसे में अगर वह अपनी प्रॉपर्टी बेचना चाहे तो मुख्तारनामा के जरिए बेच सकता है।

## मुख्तारनामा की शर्तें क्या है

*किसी व्यक्ति को उस स्थिति में मुख्तार बनाया जा सकता है जब वह 18 वर्ष की उम्र पार चुका हो, व्यक्ति भरोसेमंद हो तथा निर्णय लेने में सक्षम हो। व्यक्ति अपने रिश्तेदार, संबंधी, दोस्त या किसी भी व्यक्ति को मुख्तारनामा दे सकता है। इसे कभी भी खारिज किया जा सकता है।*

*कंटेंट: सुप्रिया सरकार*

### कर्नाटक: कांग्रेस नेताओं व मंत्रियों की प्रस्तावित बैठक पर बोले डिप्टी सीएम शिवकुमार

# बैठक का राजनीतिक एजेंडा, लोकसभा चुनाव की रणनीति होगी तय

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने राज्य के मंत्रियों और पार्टी नेताओं से दो अगस्त को दिल्ली में मुलाकात करने का फैसला किया है, ताकि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए रणनीतिक कार्ययोजना तैयार की जा सके। राज्य के नेताओं के दो अगस्त को दिल्ली जाने के सवाल पर शिवकुमार ने कहा, हां, हमारा राजनीतिक एजेंडा है, हमें संसदीय चुनाव की कार्ययोजना को अंतिम रूप देना है। मैं संसदीय चुनाव और टिकट बंटवारे की प्रक्रिया के लिए सभी नेताओं की जिम्मेदारी तय करना चाहता हूं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, प्रत्याशियों का चयन कैसे किया जाना है, क्या किसी मंत्री या विधायक को मैदान में उतारना है, किसे क्या जिम्मेदारी दी जाए इन सब के लिए हमें मानदंड तैयार करने हैं और इसलिए पार्टी नेतृत्व ने सभी वरिष्ठ नेताओं को बुलाया है। सूत्रों के अनुसार यह बैठक इसलिए महत्व है, क्योंकि यह पार्टी के भीतर अंसतोष की खबरों के बीच होने वाली है। करीब 30 विधायकों ने कथित तौर पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और पार्टी नेतृत्व को पत्र लिखकर उनके निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्य नहीं होने और कई मंत्रियों की कार्यशैली को लेकर शिकायत की है।



### ये केंद्रीय नेता शामिल होंगे बैठक में

शिवकुमार ने कहा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता राहुल गांधी, महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल और रणदीप सिंह सुरजेवाला उन नेताओं में शामिल हैं, जिनके दिल्ली में होने वाली बैठक में हिस्सा लेने की उम्मीद है।

### पार्टी में किसी भी असंतोष से इनकार

जब शिवकुमार से पूछा गया कि क्या यह बैठक पार्टी में असंतोष के बाद बुलाई गई है, क्योंकि कुछ नेता खुश नहीं हैं तो उन्होंने कहा कि पार्टी में कोई असंतोष नहीं है और कुछ विधायकों ने केवल पार्टी विधायक दल की बैठक बुलाने की मांग की थी, जो पिछले सप्ताह संपन्न हुई। उन्होंने कहा, कुछ नेताओं ने पार्टी विधायक दल की बैठक बुलाने का अनुरोध किया था, क्योंकि इससे पहले जब विधायक दल की बैठक बुलाई गई थी, तो उसी समय 'इंडिया' गठबंधन में शामिल विपक्षी दलों के नेता बेंगलुरु में बैठक के लिए आए थे और इसकी वजह से बैठक स्थगित कर दी गई थी।

### जिला नेताओं की बैठक दो अगस्त के बाद

शिवकुमार ने बताया कि दो अगस्त की बैठक के बाद मुख्यमंत्री और वह खुद सभी जिलों के नेताओं की बैठक बुलाएंगे और उनके मुद्दों का समाधान करेंगे।

### शिवकुमार के खिलाफ CBI जांच पर रोक के फैसले में दखल से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के एक मामले में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की जांच पर अंतरिम रोक लगाने के उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से सोमवार को इनकार कर दिया।न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायासी टी रविकुमार और न्याया संजय कुमार की पीठ ने मामले में उच्च न्यायालय के 10 फरवरी के आदेश के खिलाफ सीबीआई की अपील खारिज कर दी। भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी को चुनौती देने वाली शिवकुमार की याचिका को खारिज करने से पहले एकल न्यायाधीश पीठ ने कई बार इस रोक को बढ़ाया था।यह मामला वर्तमान में उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के समक्ष लंबित है, जिसने जून में सीबीआई की जांच पर रोक जारी रखी थी।

### केसीआर आज करेंगे महाराष्ट्र के सांगली का दौरा



**औरंगाबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव मंगलवार को महाराष्ट्र के सांगली में प्रख्यात मराठी कवि एवं समाज सुधारक अन्नाभाऊ साठे के जन्मस्थल का दौरा करेंगे। एक अगस्त 1920 को सांगली के वाटेगांव में जन्मे साठे का 18 जुलाई 1969 को निधन हो गया था। महाराष्ट्र के किसान समर्थक शेटकारी संगठन ने बताया कि राव एक अगस्त को वाटेगांव का दौरा करेंगे। किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर किसान संगठन के एक दल ने शनिवार को राव से मुलाकात की थी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने पिछले महीने महाराष्ट्र के सोलापुर और उस्मानाबाद का दौरा किया था।

### किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे: सीएम योगी



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कमजोर लोगों को सताने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए सोमवार को कहा कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने एवं कमजोर लोगों को परेशान करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए आर्थिक मदद मुहैया कराने का अनुरोध करने वाले लोगों को सरकार की ओर से सहायता किए जाने का आश्वासन दिया।

### मणिपुर के मुद्दे पर संसद में गतिरोध बरकरार

# हंगामे के बीच तीन बिल पारित विपक्ष PM के बयान पर अड़ा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मणिपुर मुद्दे पर संसद में सोमवार को भी गतिरोध कायम रहा तथा विपक्ष ने इस विषय पर प्रधानमंत्री के वक्तव्य की मांग को लेकर भारी हंगामा और नारेबाजी की जिसके कारण लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन और राज्यसभा चार बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में हंगामे के बीच ही चलचित्र (संशोधन) विधेयक, 2023 सहित तीन विधेयक को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।

राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने मणिपुर मुद्दे पर अल्पकालिक चर्चा कराने का प्रयास किया। किंतु विपक्षी सदस्यों द्वारा पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान और फिर कार्यस्थगन के प्रावधान वाले नियम 267 के तहत चर्चा कराए जाने की मांग पर अड़े रहने के कारण यह शुरू नहीं हो सकी।

सभापति धनखड़ ने उच्च सदन में यह घोषणा की कि वह मौजूदा गतिरोध को दूर करने के लिए विभिन्न दलों के नेताओं के साथ दोपहर दो बजकर 45 मिनट पर बैठक करेंगे। किंतु यह बैठक संभवतः बेनतीजा रही क्योंकि अपराह्न साढ़े बजे सदन की कार्यवाही फिर शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों का हंगामा और नारेबाजी जारी रही। लोकसभा में बैठक शुरू होने पर प्रश्नकाल शुरू कराया गया।

दोपहर दो बजे बैठक फिर शुरू होने पर हंगामे एवं नारेबाजी के बीच सदन ने संक्षिप्त चर्चा के बाद 'चलचित्र (संशोधन) विधेयक, 2023' को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। राज्यसभा में यह विधेयक पहले ही पारित हो चुका है। इसके साथ ही निचले सदन ने 'संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (तीसरा संशोधन) विधेयक, 2022' और 'संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक, 2022' को बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया।



### सरकार जवाब देने से भाग रही है: कांग्रेस

कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटेल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दल चर्चा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान की मांग पर अडिग हैं, जबकि सरकार एवं प्रधानमंत्री इस विषय पर जवाब देने से भाग रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, इंडिया' के घटक दल राज्यसभा में अपने रुख पर अड़े रहे कि पिछले 90 दिनों में मणिपुर में जो कुछ हुआ है उस पर प्रधानमंत्री को सदन में एक बयान देना चाहिए, लेकिन उन्होंने चुप्पी साध रखी है। प्रधामंत्री के बयान के बाद चर्चा होनी चाहिए।

### पीएम सदन में आकर बयान दें: खरगे

पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार जब मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए तैयार है तो ऐसे में विपक्षी सदस्य सदन का महत्वपूर्ण समय बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने विपक्ष पर चर्चा से भागने का आरोप लगाया। सभापति ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को अपनी बात रखने का मौका देते हुए पूछा कि क्या वह दोपहर दो बजे मणिपुर मुद्दे पर चर्चा शुरू करने को तैयार हैं? खरगे ने कहा, हमने नियम 267 के तहत चर्चा के लिए नोटिस दिए हैं। हम इसी नियम के तहत चर्चा चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को सदन में आकर मणिपुर हिंसा पर बयान देना चाहिए।

### मणिपुर: महिलाओं का प्रदर्शन, मोरेह से राज्य पुलिस बल को हटाने की मांग

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में सोमवार को एक हजार से अधिक महिलाओं ने मोरेह कस्बे से राज्य पुलिस बलों को हटाने की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। मांग पूरी न होने पर इन महिलाओं ने राज्य के सभी पर्वतीय जिलों में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।कुकी-जो समुदाय की हजारों महिलाओं ने पुलिस बलों को म्यांमार की सीमा से सटे मोरेह कस्बे में दाखिल होने से रोकने के लिए 28 जुलाई को वहां जाने वाली सड़क को अवरुद्ध किया था। भारतीय रिजर्व बटालियन और मणिपुर राइफल्स सहित अन्य सुरक्षा बलों का दस वाहनों का एक काफिला जब मोरेह कस्बे की तरफ बढ़ रहा था, तब महिलाओं ने उसे तेंगनौपाल में रोक दिया था।

### प. बंगाल विस में निंदा प्रस्ताव पारित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में मणिपुर में हुई हिंसा की निंदा करने वाला एक प्रस्ताव सोमवार को भाजपा के विरोध के बीच पारित कर दिया गया। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने सदन में प्रस्ताव पेश किया था। प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हिंसा ग्रस्त राज्य में हालात से निपटने में भाजपा और केंद्र सरकार की भूमिका की निंदा की। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि चर्चा करना अवैध है क्योंकि मामला अदालत में विचाराधीन है।

### जमीन के बदले नौकरी घोटाला

# लालू के परिवार, उनसे संबंधित कंपनियों की 6 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**एजेंसी** | नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को कहा कि कथित 'जमीन के बदले रेलवे में नौकरी' घोटाले में धनशोधन की जांच के तहत राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के परिवार- उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती और संबंधित कंपनियों की छह करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क की है।

ईडी ने एक बयान में बताया कि धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत पटना, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) में छह अचल संपत्तियों और दक्षिण दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में डी-1088 स्थित चार मंजिला बंगले को कुर्क करने के लिए एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है।

कुर्क की गई संपत्तियों में पटना के महुआबाग (दानापुर) स्थित दो भूखंड, जिनमें से एक का स्वामित्व बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और दूसरे का मालिकाना हक 'ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड' के पास तथा पटना के बिहटा इलाके में राजद प्रमुख की सांसद बेटी मीसा भारती का एक भूखंड शामिल है।

इस कंपनी को लालू के परिवार द्वारा नियंत्रित किया जाता है। इसके अलावा, गाजियाबाद के साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र स्थित दो औद्योगिक भूखंडों (यादव की बेटी हेमा यादव के पति और ससुर क्रमशः विनीत यादव और शिव कुमार यादव के नाम पर पंजीकृत एक-एक भूखंड) का एक हिस्सा भी कुर्क किया गया है।

### ए बी एक्सपोर्ट्स को बताया कागजी कंपनी

ईडी ने कहा कि ए बी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड प्रसाद के बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और राजद प्रमुख की बेटी चंदा यादव के स्वामित्व वाली एक कागजी कंपनी है और इसका पंजीकृत पता न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र स्थित बंगला है। ईडी ने कहा कि इन सभी संपत्तियों का संयुक्त रूप से मूल्य 6.02 करोड़ रुपए है।

### पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती का दावा

# अनुच्छेद 370 को रद्द न करने की थी शर्त

**एजेंसी** | श्रीनगर

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को दावा किया कि पार्टी के संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद ने 2015 में जम्मू-कश्मीर में सरकार गठन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने एक शर्त रखी थी और यह आश्वासन मांगा था कि केंद्र सरकार संविधान का अनुच्छेद 370 निरस्त नहीं करेगी।

पीडीपी के 24वें स्थापना दिवस पर यहां सभा को संबोधित करते हुए मुफ्ती ने कहा कि उनके पिता सईद सत्ता के भूखे नहीं थे और जम्मू-कश्मीर को उसकी समस्याओं व संकटों से मुक्ति दिलाना चाहते थे। उन्होंने कहा, जब 2014 के विधानसभा चुनाव में मुफ्ती साहब के पास 28 सीट थीं, तो उन्होंने मोदी से मुलाकात की और सरकार गठन के लिए अपनी शर्तों की सूची उन्हें सौंपी। उन्होंने भाजपा सरकार से आश्वासन मांगा कि अनुच्छेद 370 को नहीं छुआ जाएगा। उन्होंने उनके हाथ बांध दिए। वह सत्ता के पीछे नहीं भागते थे, वरना वह सरकार बनाने के लिए तीन महीने नहीं लगाते। मुफ्ती ने कहा, भाजपा हमें बांटना चाहती है। हम ऐसा नहीं होने देंगे...अगर हम सभी--हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, गुज्जर, पहाड़ी--एकजुट रहें, तो भाजपा को हरा सकते हैं। मुफ्ती ने भाजपा से पूछा कि जम्मू-कश्मीर से संबंधित विशेष संवैधानिक प्रावधानों को खत्म करके उसे क्या हासिल हुआ?



### नवाब मलिक की याचिका पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धन शोधन मामले की जांच के संबंध में चिकित्सा आधार पर जमानत देने से इनकार करने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक की याचिका पर सुनवाई सोमवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। न्यायाधीश अनिरुद्ध बोस और न्यायाधीश बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने मलिक का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के मौजूद नहीं रहने के कारण मामले को स्थगित कर दिया।

### शिलान्यास समारोह... मुलाकात और ठहाके



*गुरुग्राम। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सोमवार को गुरुग्राम में भारत इंटरनेशनल कल्चरल सेंटर के शिलान्यास समारोह में और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के साथ। दोनों नेता समारोह में मिले तो इस तहर ठहाके लगे।* -पीटीआई

### पीएम मोदी को लोकमान्य तिलक पुरस्कार आज

# शरद पवार कर सकते हैं मंच साझा, विपक्षी गठबंधन में है नाराजगी

**एजेंसी** | पुणे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को पुणे का दौरा करेंगे और इस दौरान वह विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही उन्हें लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में राकांपा प्रमख शरद पवार की मौजूदगी की संभावना पर सियासी घमासान भी मचा हुआ है। पीएम मोदी पुणे पहुंचने के बाद दगडूसेठ मंदिर में पूजा-अर्चना भी करेंगे। प्रधानमंत्री को सुबह 11 बजकर 45 मिनट पर लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। लोकमान्य तिलक की विरासत का सम्मान करने के लिए 1983 में तिलक स्मारक मंदिर ट्रस्ट द्वारा इस पुरस्कार की शुरुआत की गई थी। यह पुरस्कार उन लोगों को दिया जाता है, जिन्होंने राष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए काम किया है और जिनके योगदान को उल्लेखनीय एवं असाधारण कार्य के तौर पर देखा जा सकता है। यह पुरस्कार हर साल एक अगस्त को लोकमान्य तिलक की पुण्यतिथि पर दिया जाता है।

आयोजकों ने पहले बताया था कि राकांपा के प्रमुख शरद पवार को समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष रोहित तिलक ने सोमवार को पुष्टि की कि पवार पुरस्कार समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने कहा, कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं है। पवार मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार, महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस तथा न्यासी सुशील कुमार शिंदे भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। रोहित तिलक ने कहा कि उनका संगठन गैर-राजनीतिक है और पुरस्कार सभी वर्गों के लोगों को दिया जाता है। प्रधानमंत्री दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे और विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधाशिला रखेंगे एवं उनका उद्घाटन करेंगे। इस बीच, विपक्षी दल कांग्रेस की युवा इकाई ने मणिपुर में अशांति के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए पुणे शहर के कुछ हिस्सों में 'मोदी वापस जाओ' के पोस्टर लगाए हैं। पुलिस उपायुक्त (द्वितीय जोन) संदीप सिंह गिल ने कहा कि वह इन अवैध पोस्टरों को हटाने के लिए पुणे महानगरपालिका के संपर्क में हैं।






### इन हस्तियों को मिल चुका है यह पुरस्कार

प्रधानमंत्री मोदी इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले 41वें व्यक्ति होंगे। इससे पहले यह पुरस्कार पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा और प्रणब मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, इंदिरा गांधी और मनमोहन सिंह, मशहूर व्यवसायी एन आर नारायणमूर्ति तथा 'मेट्रो मैन' ई श्रीधरन को प्रदान किया जा चुका है।

### कार्यक्रम में शिरकत करने के फैसले पर पुनर्विचार करें शरद पवार: अरविंद सावंत

**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूटीबी) के सांसद अरविंद सावंत ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करने संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने के फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। सावंत ने कहा कि तिलक ने 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा दिया था। लेकिन "क्या आज स्वराज है?" आज के हालात में उन्हें सोचना चाहिए..यह स्व-राज यानी एक व्यक्ति का राज है। सावंत ने कहा कि पवार को अपने फैसले पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा, भाजपा के नेता संविधान को तबाह कर रहे हैं, उन्हें (पवार को) वहां नहीं जाना चाहिए।

### विपक्षी गठबंधन के नेता भी जता चुके हैं आपत्ति

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल विभिन्न दलों के नेताओं ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा है कि यह गठबंधन के लिए ठीक नहीं होगा। कुछ नेताओं ने कार्यक्रम में शामिल होने के फैसले पर इसलिए भी सवाल उठाया है क्योंकि उनके भतीजे अजित पवार महाराष्ट्र की भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल हो गए हैं।

## जरूरी खबर

### नौसेना प्रमुख एच हरिकुमार ओमान के दौरे पर



**नई दिल्ली।** द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरिकुमार तीन दिवसीय ओमान दौरे पर हैं। रविवार को मस्कट हवाई अड्डे पर ओमान की शाही नौसेना के कमांडर रियर एडमिरल सैफ बिन नासिर बिन मोहसिन अल-रहबी ने उनका स्वागत किया। भारतीय नौसेना ने ट्विटर पर कहा कि यात्रा के दौरान नौसेना प्रमुख का ओमान के सैन्य नेतृत्व के साथ मुलाकात करने और देश के उच्च रक्षा अध्ययन संस्थानों के साथ बातचीत करने का कार्यक्रम है। नौसेना प्रमुख की यात्रा के साथ ही भारत का स्वदेशी गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम रविवार को मस्कट के 'पोर्ट सुल्तान कबूस' पहुंचा।

### जून में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** देश में आठ प्रमुख ढांचागत उद्योगों की वृद्धि दर जून के महीने में सालाना आधार पर घटकर 8.2 प्रतिशत रही। कच्चे तेल के उत्पादन में कमी आने से यह गिरावट आई है। वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को बुनियादी उद्योगों से संबंधित आंकड़े जारी किए। जून, 2022 में प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर 13.1 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के मुताबिक, जून में प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर सालाना आधार पर कमजोर पड़ने के बावजूद पिछले पांच महीनों में सबसे अधिक रही। इसके पहले, जनवरी, 2023 में इन आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत रही थी जबकि मई में यह पांच प्रतिशत थी।

### BSF की कार्रवाई में पाकिस्तानी घुसपैठिया ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने रविवार देर रात एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि एक सप्ताह में ऐसी दूसरी घटना है। अधिकारियों ने बताया कि अरनिया सेक्टर की जाबोवाल सीमा चौकी के निकट बीएसएफ के सतर्क जवानों ने घुसपैठिए को उस समय मार गिराया, जब उसने बार-बार दी गई चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा, 30 जुलाई और 31 जुलाई की मध्य रात्रि को सतर्क बलों ने अरनिया सीमा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी।

## 'गन हिल' पर चढ़कर किया सूरमाओं को सलाम



**द्रास।** करगिल के द्रास सेक्टर में प्वांइट 5140 को नया नाम 'गन हिल' देने की पहली वर्षगांठ पर आयोजित सेना के एक अभियान के तहत सेना के गनर्स की टीम चोटी पर पहुंची। सेना के इस अभियान ने 1999 के करगिल युद्ध और हमारे बहादुर सैनिकों के बलिदान की यादों को ताजा कर दिया। सेना ने पाकिस्तान सैनिकों को खदेड़कर 20 जून 1999 को इस चौकी पर फिर से कब्जा कर लिया था। सेना की इस जीत का जश्न मनाने और 'ऑपरेशन विजय' में सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए 'प्वाइंट 5140' को 'गन हिल' नाम दिया गया है। -पीटीआई

### वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 6.39 करोड़ ITR दाखिल

**नई दिल्ली।** देश में 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 में अर्जित आय के लिए सोमवार शाम चार बजे तक 6.39 करोड़ आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल किए गए। सोमवार को 26.74 लाख आईटीआर दाखिल किए गए। पिछले साल 31 जुलाई तक करीब 5.83 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए थे। आयकर विभाग ने अपने आधिकारिक ट्विटर खाते पर यह जानकारी दी। उसने लिखा, 30 जुलाई 2023 तक 6.13 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए। सोमवार 31 जुलाई शाम चार बजे तक 26.74 लाख और आईटीआर दाखिल किए गए। आईटीआर दाखिल करने में मदद के लिए आयकर विभाग की हेल्पडेसक और वेबसाइट पर चौबिसों घंटे सेवाएं उपलब्ध हैं। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आईटीआर जमा करने की अंतिम तारीख सोमवार यानी 31 जुलाई 2023 है। कर विशेषज्ञों का कहना है कि आईटीआर दाखिल करने वालों की संख्या में इजाफा नियमों के बेहतर अनुपालन और कर चोरी को रोकने के लिए राजस्व विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सफलता को दर्शाता है।

## LS की संशोधित कार्यसूची में किया गया शामिल

# दिल्ली सेवा से संबंधित विधेयक आज होगा लोकसभा में पेश

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली में समूह-ए के अधिकारियों के स्थानांतरण एवं पदस्थापना के लिए एक प्राधिकार के गठन के लिहाज से लाए गए अध्यादेश की जगह लेने वाले विधेयक को लोकसभा में पेश करने के लिए सदन की मंगलवार की संशोधित कार्य सूची में शामिल किया गया है। संशोधित कार्यसूची के मुताबिक, गृह मंत्री अमित शाह सदन में 'राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार (संशोधन) विधेयक' पेश करेंगे और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय दिल्ली से जुड़े अध्यादेश के स्थान पर तत्काल इस विधेयक को लाने के कारणों को स्पष्ट करते हुए सदन में अपनी बात रखेंगे। विधेयक पर सदन में हंगामा होने के आसर हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दी थी।



### कांग्रेस व विपक्षी दल हैं अध्यादेश के खिलाफ

कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल भी इस अध्यादेश के विरुद्ध हैं। केंद्र सरकार द्वारा अध्यादेश 19 मई को लाया गया था। इससे एक सप्ताह पहले उच्चतम न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार को सेवा से जुड़े मामलों का नियंत्रण प्रदान कर दिया था हालांकि उसे पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था और भूमि से जुड़े विषय नहीं दिये गए। शीर्ष अदालत के 11 मई के फैसले से पहले दिल्ली सरकार के सभी अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती उपराज्यपाल के कार्यकारी नियंत्रण में थे।

### यह कहा गया है अध्यादेश में

इस अध्यादेश में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्रधिकरण नाम का एक प्राधिकरण होगा, जो उसे प्रदान की गई शक्तियों का उपयोग करेगा और उसे सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा।

### बीआरएस ने विधेयक के खिलाफ मतदान के लिए जारी किया सदस्यों को व्हिप

भारत राष्ट्र समिति ने अपने सभी राज्यसभा सदस्यों को सदन में उपस्थित रहने और दिल्ली में सेवाओं से जुड़े अध्यादेश संबंधी विधेयक के खिलाफ मतदान करने के लिए सोमवार को व्हिप जारी किया। पार्टी ने एक बयान में कहा, बीआरएस के सभी सांसदों से अनुरोध है कि वे किसी भी समय सदन में लाए जाने वाले, दिल्ली सेवा अध्यादेश संबंधी विधेयक के खिलाफ मतदान करें। उच्च सदन में बीआरएस के सात सदस्य हैं। पार्टी ने कहा है कि है कि इन सभी सदस्यों को 31 जुलाई से 4 अगस्त के बीच और विधेयक पर मतदान खत्म होने तक सदन में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

### उपराज्यपाल से मिले केजरीवाल

सेवा संबंधी विधेयक को संसद में शीघ्र पेश किए जाने की संभावना के बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को यहां उपराज्यपाल वी के सक्सेना से भेंट की। बैठक आधे घंटे से अधिक चली, लेकिन इसके बारे में दोनों में से किसी ने भी कोई टिप्पणी नहीं की है।

## कांग्रेस: पांच राज्यों में नए प्रभारी

# रणदीप सिंह सुरजेवाला को मप्र की जिम्मेदारी





एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सोमवार को वरिष्ठ पर्यवेक्षकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की, जिनमें रणदीप सिंह सुरजेवाला को मध्य प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनाव पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की, जो संबंधित राज्यों में चुनाव तैयारियों की निगरानी करेंगे। पार्टी के महासचिव सुरजेवाला को बतौर वरिष्ठ पर्यवेक्षक मध्य प्रदेश की जिम्मेदारी दी गई है। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह को छत्तीसगढ़ और पूर्व केंद्रीय मंत्री दीपा दासमुंशी को तेलंगाना के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया गया है।

इसके साथ ही, शशिकांत सेंथिल को राजस्थान, चंद्रकांत हंडोरे को मध्य प्रदेश, मीनाक्षी नटराजन को छत्तीसगढ़, सिरिवेल्ला प्रसाद को तेलंगाना और सचिन राव को मिजोरम के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है। इन पांचों राज्यों में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्तारूढ़ है, तो शेष तीन राज्यों में विपक्ष में है। इन नियुक्तियों को अहम माना जा रहा है।

## सेना की थियेटर कमान के गठन का काम तेजी पर

# बढ़ेगी साइबर व अंतरिक्ष युद्ध में क्षमता

एजेंसी | नई दिल्ली

सरकार की ओर से तीन नए थिएटर कमांड गठित करने को लेकर तेजी से काम जारी है। इसके साथ ही सैन्य मामलों का विभाग अपनी साइबर और अंतरिक्ष युद्ध क्षमताओं को बढ़ावा देने में जुटा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 साल पहले रक्षा साइबर एजेंसी सहित 2 एजेंसियों के निर्माण को मंजूरी दी थी। इसका मकसद साइबर खतरों से निपटने के साथ ही देश की आक्रामक क्षमताओं को मजबूत करना है। इन एजेंसियों का



नेतृत्व सेना के मेजर जनरल-रैंक के अधिकारी करते हैं। सरकारी सूत्रों ने बताया कि युद्ध में साइबर क्षेत्र के बढ़ते इस्तेमाल के कारण डीएमए साइबर एजेंसी का और विस्तार करने एवं चुनौतियों से निपटने के लिए और मजबूती हासिल करने की संभावना पर विचार कर रहा है। यूक्रेन युद्ध में साइबर क्षेत्र का काफी इस्तेमाल देखा गया है।

उन्होंने कहा कि इसी तरह हाल के वर्षों में दुश्मन देशों ने अंतरिक्ष में कई प्रक्षेपण और अन्य तैनातियां की हैं। हमें भी अंतरिक्ष क्षेत्र में हमारी क्षमताओं को मजबूत करने की जरूरत है ताकि थिएटर कमानों को खतरों का आकलन करने और उनसे निपटने में मदद मिल सके।

### जियोबुक 5 को आएगी बाजार में

**नई दिल्ली।** रिलायंस रिटेल नई जियोबुक लेकर आया है। इसमें एडवांस जियो ओ एस ऑपरेटिंग सिस्टम है। इसकी डिज़ाइन स्टाइलिश और फीचर कनेक्टेड हैं। जियोबुक हर उम्र के व्यक्ति के लिए सीखने का एक अलग ही अनुभव होगी। ऑनलाइन क्लास में हिस्सा लेना हो, कोड सीखना हो या फिर कोई नया काम सीखना हो या फिर ऑनलाइन ट्रेडिंग, जियोबुक ऐसे कई काम करने में मदद कर सकती है। यह 4 जी LTE और डुअल बैंड वाय-फाय से जुड़ सकती है। जियोबुक 5 अगस्त से मिलेगी।

### ओमान की यात्रा पर भारतीय पोत



*मस्कत। भारत का गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर पोत विशाखापत्तनम तीन दिन की यात्रा पर सोमवार को ओमान के पोर्ट सुल्तान कबूस पहुंचा।*

## गुजरात के सीएम ने कहा- सरकार संवैधानिक प्रावधान के लिए कराएगी अध्ययन

# प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की अनुमति होगी जरूरी!

एजेंसी | मेहसाणा

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि उनकी सरकार इस बात का अध्ययन करेगी कि क्या प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की अनुमति को अनिवार्य बनाने का प्रावधान संवैधानिक सीमा में रहकर किया जा सकता है।

- पाटीदार समुदाय ने की CM पटेल से मांग
- लड़कियों के भागने की घटनाओं का अध्ययन कराने का दिया सुझाव

पटेल ने यह टिप्पणी पाटीदार समुदाय के कुछ धड़ों द्वारा प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की अनुमति को अनिवार्य बनाने की मांग के जवाब में की। मेहसाणा जिले में पाटीदार समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले सरदार पटेल ग्रुप द्वारा रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने उन्हें विवाह के लिए लड़कियों को भगाने की घटनाओं का अध्ययन कराने का सुझाव दिया है, ताकि ऐसी व्यवस्था बनाई जा सके, जिसमें प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की अनुमति अनिवार्य हो। मुख्यमंत्री ने कहा, ऋषिकेश पटेल ने मुझसे लड़कियों को भगाने की घटनाओं का अध्ययन कराने को कहा है, ताकि यह देखा जा सके



कि क्या प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की सहमति को अनिवार्य बनाया जा सकता है। अगर संविधान समर्थन करता है, तो हम इस संबंध में अध्ययन करेंगे और इसके लिए सर्वोत्तम व्यवस्था लागू करने की कोशिश करेंगे। गुजरात सरकार ने 2021 में गुजरात धार्मिक स्वंतत्रता अधिनियम में संशोधन किया था और विवाह के लिए जबरन या फर्जी तरीके से धर्मांतरण को दंडनीय अपराध बनाया था। संशोधित अधिनियम के तहत दोषियों को 10 साल के कारावास की सजा देने का प्रावधान किया गया था। हालांकि, बाद में गुजरात उच्च न्यायालय ने अधिनियम की विवादित धाराओं के अमल पर रोक लगा दी थी। इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई थी और मामला शीर्ष अदालत में विचाराधीन है।

### कांग्रेस विधायक ने कहा, करूंगा विधेयक का समर्थन

कांग्रेस विधायक इमरान खेड़ावाला ने कहा कि अगर सरकार विधानसभा में इस संबंध में कोई विधेयक लेकर आती है, तो वह उसका समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा, प्रेम विवाह के दौरान माता-पिता को नजरअंदाज कर दिया जाता है। सरकार प्रेम विवाह के लिए विशेष प्रावधान करने पर विचार कर रही है, जो संवैधानिक हो। राज्य सरकार विधानसभा सत्र में ऐसा कोई विधेयक लेकर आती है, तो मैं उसका समर्थन करूंगा।

## एमपी के गृह मंत्री मिश्र की घोषणा

# अंजू के मामले में साजिश के पहलू की होगी जांच

एजेंसी | भोपाल

मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने सोमवार को कहा कि राज्य पुलिस भारतीय महिला अंजू (34) के फेसबुक पर बने दोस्त से शादी रचाने के लिए पाकिस्तान जाने से जुड़े मामले में 'अंतरराष्ट्रीय साजिश' के पहलू की जांच करेगी। दो बच्चों की मां अंजू ने इस्लाम स्वीकार करने के बाद इस साल 25 जुलाई को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अपर दीर जिले में अपने दोस्त नसरुल्ला (29) से शादी कर ली थी। दोनों के बीच 2019 में फेसबुक के जरिये दोस्ती हुई थी। धर्म बदलने के बाद फातिमा के नाम से पहचानी जाने वाली अंजू को इस्लाम कबूल करने पर उपहार के रूप में नकद राशि और जमीन दिए जाने की खबरें हैं। खैबर पख्तूनख्वा स्थित एक रियल एस्टेट कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहसिन खान अब्बासी ने अंजू और नसरुल्ला से शनिवार को उनके आवास पर मुलाकात की थी।अब्बासी ने अंजू को एक चेक सौंपा था, जिस पर दर्ज धनराशि के बारे में खुलासा नहीं किया गया है। इसके अलावा, अंजू को 2,722 वर्ग फुट जमीन के दस्तावेज भी दिए गए थे, ताकि वह पाकिस्तान में आराम से रह सके।

## जेकेके में राज्य स्तरीय प्रेमचंद जयंती समारोह का हुआ आयोजन

# साहित्यकारों ने प्रेमचंद के विचारों को आगे बढ़ाने का किया आह्वान

बेधड़क | जयपुर

20वीं शताब्दी में भारत की स्थितियों पर प्रेमचंद ने समाज की जिन विदूरपताओं, विसंगतियों, नारी, दलित, वंचित वर्ग की चिंताओं को अपनी कलम से रेखांकित किया, वह आज भी प्रासंगिक है। उनमें समष्टि से जुड़ने की चेतना थी। यह विचार कथाकार मनीषा कुलश्रेष्ठ ने 'प्रेमचन्द की विरासत के मायने' विषय पर व्याख्यान में रखे। मौका था जवाहर कला केंद्र और राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ के तत्वावधान में रंगायन सभागार में राज्य स्तरीय प्रेमचंद जयंती समारोह का।

वहीं साहित्य आलोचक डॉ. राजाराम भादू ने विषय का परावर्तन करते हुए कहा कि 20वीं सदी सबसे ज्यादा परिवर्तनों की शताब्दी रही। प्रेमचंद जिन जीवन मूल्यों को लेकर सृजन कर रहे थे, उसे बचाने की जरूरत है। उन्होंने यथार्थवाद, गांव और समाज, नारी और अन्त्योदयी को प्रतिष्ठा दिलाने का काम किया।







### प्रेमचंद की कहानी 'सद्गति' की नाट्य प्रस्तुति

जयंती समारोह का दूसरा सत्र 'कहानी के नए स्वर' रहा। इसमें उमा, कविता मुखर, उषा दशोरा और उजला लोहिया ने नई कहानियों का वाचन किया। राजाराम भादू, नितिन यादव और प्रमोद पाठक ने समीक्षा की। कहानी सत्र की अध्यक्षता राज्य लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष और उपन्यासकार डॉ. आरडी सैनी ने की। इस अवसर पर इप्टा की ओर से प्रेमचंद की कहानी 'सद्गति' की नाट्य प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिष्ठित लेखक, पत्रकार, साहित्यकार, रंगकर्मी मौजूद रहे। समापन पर कवि, प्रशासक डॉ. डीआर जोधावत की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

### प्रेमचंद गांवों के चितेरे

युवा लेखक-आलोचक डॉ. विशाल विक्रमसिंह ने प्रेमचंद को गांवों का चितेरा और सच्चा इतिहासकार बताया। दुर्भाग्य से आज गांवों की महत्ता घट रही है। प्रेमचंद उस काल के लेखक हैं, जब सामंतवाद खात्मे की ओर व ताकतवर पूंजीवाद बढ़ने लगा था। प्रेमचंद का विवेक हमारी विरासत है। उन्होंने कॉरपोरेट समाज की धड़कन को महसूस कर लिया था। वैचारिक सत्र की अध्यक्षता मीरा पुरस्कार से सम्मानित कवि गोविंद माथुर ने की। वैचारिक सत्र का संचालन प्रगतिशील लेखक संघ की महासचिव प्रतिष्ठित कथाकार रजनी मोरवाल ने किया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

### साहित्यकारों को किया सम्मानित

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जयपुर की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर मुंशी प्रेमचंद की 143वीं जयंती पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि जयंती पर राष्ट्रीय स्तर पर 4 श्रेणियों में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जहां तीन श्रेणियां कविता, कहानी और समीक्षा का समाज के साहित्यकारों के लिए तथा चौथी श्रेणी समीक्षा, सर्व समाज के साहित्यकारों के लिए थी। इसमें देश से 124 साहित्यकारों ने रचनाएं भेजी। साहित्यकारों की रचनाओं के चयन के लिए चार वरिष्ठ साहित्यकारों की टीम बनाई गई, जिन्होंने 78 साहित्यकारों का चयन किया। जयंती पर समाज भामाशाहों के सहयोग से 62 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को क्रमशः 11000, 7000 व 5000 रुपए नकद राशि दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद का बड़ा नाम है और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जयपुर के प्रयास मुंशीजी के विचारों को और आगे बढ़ाएंगे। वहीं जिला महामंत्री रवि माथुर ने कहा कि अगली बार और भव्य आयोजन किया जाएगा।




प्रोफेसर डॉ. राजीव सक्सेना मुंशी प्रेमचन्द साहित्य रत्न -2023 से सम्मानित

## नौ दिवसीय रामकथा का समापन



**बेधड़क. जयपुर।** वैशाली नगर की गंगा सागर बी कॉलोनी के श्रीराम शिव दुर्गा मंदिर में पिछले 9 दिनों से चल रही श्रीमद् रामकथा पाठ का सोमवार को श्रीराम के राज्याभिषेक प्रसंग के साथ समापन हुआ। समापन अवसर पर त्रिवेणी धाम के पीठाधीश, डाकोर पीठाधीश्वर रामरत्न महाराज के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया। कथा नरेंद्र द्विवेदी शास्ती अयोध्या वालों ने की। कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर हातोज धाम के पीठाधीश, वार्ड पार्षद प्रवीण यादव, राखी राठौड़ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कार्यालय का किया शुभारंभ



**बेधड़क. जयपुर।** आगामी 17 सितंबर को आयोजित होने वाली विराट वैश्य महापंचायत के कार्यालय का शुभारंभ खंडाका हाउस पीतल फैक्ट्री पर किया गया। इस अवसर पर वैश्य महापंचायत के समारोह अध्यक्ष प्रदीप मित्तल, प्रदेश संयोजक राकेश गुप्ता ने बताया की महापंचायत से 7 दिन पूर्व पूरे प्रदेश में मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभारी रामावतार गोयल, मुख्य संयोजक गोविंद नारायण अग्रवाल और विधायक अशोक लाहोटी ने बताया कि हर जिले में एवं जयपुर के प्रत्येक जोन में कार्यालय स्थापित किए जा रहे हैं।

## महोत्सव के पोस्टर का विमोचन




**बेधड़क. जयपुर।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान राजस्थान की ओर से 15 अगस्त को जयपुर में होने वाले श्रमण संयम महोत्सव-2023 के पोस्टर का विमोचन सोमवार को फरीदाबाद में संस्थान के प्रेरक आचार्य वसुनंदी महाराज के आशीर्वाद से हुआ। विमोचन में संस्थान महामंत्री सुनील पहाड़िया, मीरा मार्ग जैन मंदिर समिति अध्यक्ष सुशील पहाड़िया आदि उपस्थित थे। संस्थान प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला व कोषाध्यक्ष पंकज लुहाड़िया ने बताया कि महोत्सव में करीब चालीस जैन पाठशालाओं के 500 से अधिक विद्यार्थी भाग लेंगे।

# City इवेंट्स

## जेकेके में सजी सुरों की महफिल

**बेधड़क, जयपुर।** मैं रहूं या ना रहूं, मेरा पता रह जाएगा... शाख पर यदि एक भी पत्ता हरा रह जाएगा, बो रहा हूं बीज कुछ संवेदना के यहां खुशबूओं का इक अनोखा सिलसिला रह जाएगा।' इन्हीं अहसासों के साथ जेकेके में सुरों के सरताज रफी की याद में शाम सजाई गई। सावन श्रृंगार कार्यक्रम में दिनेश गोपी म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। पीयूष पंवार ने 'प्यार का तोहफा लाए हैं' गीत के साथ आगाज किया। इसके बाद धर्मेश नायत ने 'दर्द-ए-दिल' गाकर दिल छू लिया। सानिया युक्ति सबनानी ने 'वादियां मेरा दामन' गाया। दिनेश कुमार गोपी ने 'ये मेरा प्रेम पत्र पढ़कर' सुनाया।



## युवा पीढ़ी को संस्कृति से कराए रूबरू



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान सिंधी अकादमी की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मासिक गोष्ठी में युवा पीढ़ी को भाषा एवं संस्कृति के महत्व से रूबरू कराने पर बल दिया। अकादमी सचिव योगेंद्र गुरनानी ने बताया कि गोष्ठी की अध्यक्षता जोधपुर के शिक्षाविद् व लेखक डॉ. प्रदीप गेहानी ने की। अजमेर के चंद्रप्रकाश दादलानी ने 'शख्स ए शख़्सियत-अजीम सिंधी शायर परसराम जिया' विषयक आलेख में उनके द्वारा गाए गीत, कविताओं के बारे में जानकारी दी।

## जया मनराल को मिला खिताब



**बेधड़क, जयपुर।** राजधानी में ओनारिका मिसेज इंडिया के भव्य ग्रेड फिनाले का आयोजन हुआ। इसमें जया मनराल को ओनारिका मिसेज इंडिया क्वीन का खिताब दिया गया। आयोजक अमृतश्री और मुख्य अतिथि केटीसी ग्रुप के राज खान ने उन्हें यह ताज पहनाया।

## मनोज अध्यक्ष और विशाल बने सचिव



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर क्लब में 2023-25 के क्लब कार्यकारिणी के चुनाव आयोजित किए गए, जिसमें मनोज बिरला अध्यक्ष व मानद सचिव विशाल कौशल को चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष अतुल जैन, संयुक्त सचिव प्रबंधन रानू श्रीवास्तवा, कोषाध्यक्ष सी ए पवन पाराशर और संयुक्त सचिव स्पोर्ट्स डॉ. साकेत माथुर चुने गए। वहीं कार्यकारिणी में वेदांत बजाज, शेर सिंह, अमन खत्री, संजय मदान, स्वर्ण सिंह, भरत भूपेंद्र, सीए गौतम शर्मा व डॉ. सुधीर कुमार गर्ग चुने गए।

## शार्क टैंक इंडिया की गजल हुई रू-ब-रू

# गजल और वरुण ने जयपुर में शेयर की सफलता की कहानी

बेधड़क | जयपुर



देश-दुनिया में अपने यूनिक कॉन्सेप्ट से लुभाने वाले शो शार्क टैंक इंडिया की गजल अलघ जयपुराइट्स से रूबरू हुईं। प्लांट गुडनैस प्रॉमिस के बारे में बात हुई।

गजल और वरुन ने कहा कि वादे के साथ ब्रांड वेबसाइट पर किए जाने वाले ऑर्डर के लिए एक पेड़ लगाता है और 2025 तक 1 मिलियन पेड़ लगाने का लक्ष्य तय किया है। इस मौके पर दोनों ने मामाअर्थ के टॉक्सिन-फ्री केयर के बारे में जानकारी दी और गुणों को बताया। मॉल ऑफ जयपुर वैशाली नगर ओपनिंग में अपनी सफल जर्नी को शेयर किया। दोनों कहा कि जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मामाअर्थ की शुरुआत टॉक्सिन-फ्री बेबीकेयर के रूप में की गई। बाद में बड़ों के लिए प्रयास किए। ऐसे में जयपुराइट्स भी टॉक्सिन-फ्री और प्रकृति से प्रेरित केयर को समझ सकेंगे। साथ ही वे फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की मैंबर्स से रूबरू हुईं। आईस्टार्ट राजस्थान आईटी और संचार विभाग के सहयोग से आरआईसी में द अनस्टॉपेबल गजल अलघ नामक कार्यक्रम में उन्होंने सवालों के जवाब दिए और अपनी जर्नी शेयर की। कार्यक्रम में उन्होंने मामाअर्थ की स्थापना की यात्रा के बारे में महिलाओं को बताते हुए उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अब माताओं और शिशुओं के लिए प्राकृतिक और विष-मुक्त व्यक्तिगत देखभाल कर रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ स्टेज पर कार्यक्रम का संचालन फिक्की जयपुर चेयरपर्सन नेहा ढड्ढा और आईस्टार्ट प्रोग्राम मैनेजर अमित पुरोहित ने किया। तीनों ने सफलता के बारे में आपस में बात की और गजल ने शुरुआती दिनों को याद किया।

## BJP के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अविनाश राय ने कहा...

# 'जरूरतमंद की मदद से आएगा समाज में सकारात्मक बदलाव'



बेधड़क | जयपुर

भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अविनाश राय खन्ना ने कहा है कि समाज के प्रति चिंतन केवल भाषण तक सीमित नहीं है, हम सब को मिल जुलकर जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद करनी चाहिए। इससे समाज में एक सकारात्मक बदलाव आएगा।

इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए। खन्ना ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन की ओर से सोमवार को त्रिमूर्ति सर्किल स्थित होटल ग्रैंड उनियारा में आयोजित पुस्तक चर्चा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। जिस किताब 'समाज चिंतन' पर पुस्तक चर्चा का आयोजन किया गया, उसका लेखन अविनाश राय खन्ना ने ही किया है।

खन्ना ने कहा कि आज किसी को तकलीफ में देखते हैं तो ज्यादातर लोग पल्ला झाड़कर आगे बढ़ जाते हैं, कुछ उसके संबंधित को रिपोर्ट करवा कर थोड़ा सा सहयोग कर देते हैं। मगर यह भी पर्याप्त नहीं है। किसी की तकलीफ को दूर करने में हम क्या कर सकते हैं, यह हमारी सोच होनी चाहिए। इसी सोच को इस पुस्तक में मूर्त रूप देने का प्रयास किया गया है। अविनाश राय ने पुस्तक के कुछ अध्यायों पर चर्चा करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने बिना धरना-प्रदर्शन किए और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाए अपने विधानसभा क्षेत्र में जूते पॉलिश करके सरकार को सड़क की मरम्मत करवाने पर मजबूर किया, जबकि सरकार ने विधानसभा में पूछे सवाल के जवाब में कहा था कि सड़क की मरम्मत के लिए फिलहाल फंड नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद ओंकार सिंह लखावत ने की। पुस्तक चर्चा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार डॉ. गोपाल शर्मा थे।

इंवेट | धरती के भगवान ने गाया गाना तो बॉलीवुड से मिला ऑफर

# इटर्नल वॉयस ऑफ डॉक्टर्स में सुनाए सदाबहार नगमे

बेधड़क | जयपुर

मरीजों का इलाज करने वाले हाथों में जब माइक आया और सुर ताल लगाए तो बॉलीवुड के दिग्गज सिंगर्स भी हैरान हो गए। दुनिया के सबसे बड़े डॉक्टर्स सिंगिंग इवेंट इटर्नल वॉइस ऑफ डॉक्टर्स का ग्रैंड फिनाले जयपुर में आयोजित किया गया।

उनको जज करने के लिए बॉलीवुड के जाने-माने सिंगर्स कुमार सानू, अलका याग्निक, म्यूजिक डायरेक्टर साजिद वाजिद व मोहम्मद हुसैन-अहमद हुसैन ने सुरों को परखा।

ग्रैंड फिनाले में 15 डॉक्टर्स ने क्वालीफाई किया। फिनाले में डॉक्टर्स ने मेरे ढोलना, पर्दा है पर्दा, दिल क्या चीज है आप मेरी जान लीजिए, तू और किसी की हो गई, तुझ संग जैसे कई सुपर हिट गाने गाए। कुछ गानों पर तो जजों ने भी पार्टिसिपेंट्स के साथ सुर से सुर मिलाए। इस दौरान डॉ. ऋषभ की परफॉर्मेंस को सुनने के बाद म्यूजिक डायरेक्टर साजिद वाजिद ने उन्हें अपनी म्यूजिक कंपनी ज्वाइन करने का आमंत्रण दे दिया। उनकी परफॉर्मेंस पर कुमार सानू ने पूरे 100 नंबर दिए।



### ये रहे विजेता

इटर्नल वॉइस ऑफ डॉक्टर्स के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह मक्कड़ ने बताया कि 2 राउंड में हुए ग्रैंड फिनाले में तीनों कैटेगरी में 15 पार्टिसिपेंट्स ने भाग लिया। 40 से कम उम्र की कैटेगरी में जम्मू कश्मीर के डॉ. ऋषभ राज, 40 से 55 साल की कैटेगरी में महाराष्ट्र की डॉ. शिल्पा प्रसाद मलंदकर और 55 से अधिक उम्र की कैटेगरी में इंग्लैंड के डॉ. हेमंत ठकराल विनर रहे। विनर्स के लिए हर केटेगरी में कैश प्राइज दो लाख, एक लाख और 50 हजार रुपए रखे गए। इस दौरान इटर्नल हॉस्पिटल की को-चेयरपर्सन मंजू शर्मा ने कहा कि इटर्नल वॉयस ऑफ डॉक्टर्स ने डॉक्टर्स की स्ट्रेसफुल लाइफ में रिलैक्स बूस्टर का काम किया है। डॉक्टर्स को हमेशा अटेंशन रहना होता है, क्योंकि उनके दिलों दिमाग में मरीज को बचाने का जज्बा रहता है। इस कारण वे स्ट्रेस में भी रहते हैं, जिसे कम करने के लिए हमने संगीत को जरिया बनाया और इवेंट डिजाइन किया।





## रूसी मिसाइलों ने यूक्रेन की बहुमंजिला आवासीय इमारत को बनाया निशाना...

# एक व्यक्ति की मौत... कई नीचे दबे



**कीव।** रूस ने मध्य यूक्रेन के क्रीवी रिह शहर में मिसाइल हमले किए। दो मिसाइलों से एक बहुमंजिला आवासीय इमारत को निशाना बनाया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्री इहोर क्लिमेंको ने बताया कि शहर की एक बहुमंजिला इमारत दो प्रक्षेपास्त्रों के निशाने पर आ गई, जिससे चौथी और नौवीं मंजिल के बीच के एक बड़े हिस्से को नुकसान पहुंचा है तथा एक विश्वविद्यालय की इमारत क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होंने बताया कि इस घटना में 10 लोग घायल भी हुए हैं। बता दें, क्रीवी रिह यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की का गृह नगर है तथा यूक्रेन के निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र में स्थित है। *-पीटीआई*

## पाकिस्तान: आत्मघाती धमाके में आईएस का हाथ

# मारे गए लोगों की संख्या हुई 54

**एजेंसी** | पेशावर

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कट्टरपंथी इस्लामिक पार्टी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) के राजनीतिक सम्मेलन पर हुए आत्मघाती हमले में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 54 हो गई है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के हवाले से बताया कि कबायली जिले बाजौर की राजधानी खार में हुए आत्मघाती विस्फोट के पीछे प्रतिबंधित आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) का हाथ है, जिसमें करीब 200 अन्य लोग घायल हुए हैं।

इस्लामिक स्टेट की स्थानीय इकाई ने इससे पहले भी जेयूआई-एफ के नेताओं को निशाना बनाया है, क्योंकि वह उन्हें विधर्मी मानती है। यह विस्फोट रविवार को हुआ था, जब कट्टरपंथी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) के करीब 500 सदस्य खार शहर में एक सभा के लिए एकत्रित हुए थे। पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जताई।



### सम्मेलन में मौजूद थे 500 से अधिक लोग

एक बयान के मुताबिक खैबर पख्तूनख्वा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री आजम खान ने पुलिस से धमाके को लेकर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने पेशावर स्थित सैन्य अस्पताल का दौरा किया और हमले में घायलों की स्वास्थ्य की जानकारी ली। चश्मदीद रहीम शाह ने एक समाचार वेबसाइट को बताया कि जब धमाका हुआ उस समय सम्मेलन में 500 से अधिक लोग मौजूद थे।

### गोली चलने की आवाजें आ रही थीं: चश्मदीद

चश्मदीद रहीम ने बताया, 'हम बयान सुन रहे थे तभी जोरदार धमाका हुआ, जिससे मैं बेहोश हो गया।' शाह ने कहा कि जब उसे होश आया तो चारों ओर खून बिखरा था। उन्होंने कहा, 'लोग चीख रहे थे और उस समय गोली चलने की आवाजें सुनाई दे रही थीं।' पाकिस्तान के गृह मंत्री राना सनाउल्लाह ने एक ट्वीट कर हमलावरों को न्याया के दायरे में लाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "आतंकवादियों की कायरतापूर्ण हरकतें हमारे उत्साह को कम नहीं कर सकतीं।" अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने हमले की निंदा की है। टीटीपी के प्रवक्ता खालिद खुरासानी ने भी विस्फोट की निंदा की।

## चेतावनी: यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष की खरी-खरी

# कोई आक्रमण बर्दाश्त नहीं

**एजेंसी** | मनीला (फिलिपींस)

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन ने विवादित दक्षिण चीन सागर पर बीजिंग के दावे को अमान्य घोषित करने वाले यूरोपीय संघ के वर्ष 2016 के मध्यस्थता फैसले को दोहराते हुए सोमवार को चेतावनी दी कि यूक्रेन हो या फिर हिंद-प्रशांत क्षेत्र, यूरोप आक्रमण बर्दाश्त नहीं करेगा।

वॉन डेर लेन ने आर्थिक, व्यापारिक और सुरक्षा संबंधों को बढ़ावा के मकसद से मनीला में फिलिपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के साथ हुई बैठक के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। दोनों नेताओं ने घोषणा की कि 27 राष्ट्रों का समूह (यूरोपीय संघ) 2017 में मार्कोस के पूर्ववर्ती रोड्रिगो दुतेर्ते के शासन में ठप पड़े मुक्त व्यापार समझौते के लिए फिलिपीन के साथ बातचीत फिर से शुरू करेगा। वॉन डेर लेन ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का हवाला देते हुए कहा कि यह दर्शाता है कि कैसे अधिनायकवादी नेता "खतरे की परवाह किए बिना कुछ भी कर गुजरने को तैयार हैं।"



### रूस ने हिला दी नियमों की नींव

डेर लेन ने कहा, "यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध ने अंतरराष्ट्रीय नियमों की नींव को हिलाकर रख दिया है। यह यूरोपीय संघ के नियमों और क्षेत्रीय अखंडता व संप्रभुता जैसे अंतरराष्ट्रीय कानून के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन है।" "यूरोप आक्रमणकारी रूस के खिलाफ यूक्रेन की जवाबी कार्रवाई का समर्थन करता है, क्योंकि बल का अवैध प्रयोग फिर चाहे वह यूक्रेन में हो या फिर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में, कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।"

### तनाव मुक्त हिंद-प्रशांत बहुत जरूरी

आयोग अध्यक्ष ने कहा, "यूरोप में सुरक्षा और हिंद-प्रशांत में सुरक्षा को अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता। आपस में जुड़े विश्व की नियम आधारित व्यवस्था के समक्ष पेश आनी वाली चुनौतियां हम सभी को प्रभावित करती हैं। यही कारण है कि हम हिंद-प्रशांत में बढ़ते तनाव को लेकर चिंतित हैं। यूरोपीय संघ खुले एवं मुक्त हिंद-प्रशांत का समर्थन करता है, क्योंकि हमारी शांति और समृद्धि के लिए तनाव मुक्त हिंद-प्रशांत बहुत जरूरी है।"

## पश्चिमी अफ्रीकी देशों ने नाइजर में तख्तापलट के नेताओं को दी धमकी...

# राष्ट्रपति को करें एक हफ्ते में बहाल, वर्ना...

**एजेंसी** | नियामी (नाइजर)

पश्चिम अफ्रीकी देशों ने नाइजर में तख्तापलट करने वाले नेताओं को देश में लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को पद पर बहाल करने के लिए एक सप्ताह की मोहलत दी देते हुए मांग पूरी नहीं होने पर बल प्रयोग की धमकी दी है। नाइजर में रविवार को पश्चिम अफ्रीकी देशों की एक आपात बैठक की समाप्ति के बाद यह घोषणा की गई।

आपात बैठक में क्षेत्रीय गुट 'पश्चिम अफ्रीका राज्य आर्थिक समुदाय' (ईसीओडब्ल्यूएएस) को पिछले सप्ताह हुए सेना के तख्तापलट पर जवाब देने के लिए बुलाया गया था। राष्ट्रपति मोहम्मद बाजौम अभी नजरबंद हैं और उन्होंने अब तक इस्तीफा नहीं दिया है। एक बयान में कहा गया, 'अगर प्राधिकारियों की मांग को एक सप्ताह के भीतर पूरा नहीं किया जाता है तो नाइजर गणराज्य में संवैधानिक ढांचे को बहाल करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। जिनमें बल प्रयोग भी शामिल हो सकता है।' समूह ने ईसीओडब्ल्यूएएस के सदस्य राज्यों और नाइजर के बीच सभी व्यापारिक और वित्तीय लेन-देन को निलंबित करने सहित कड़े प्रतिबंध लगाए हैं और केंद्रीय बैंकों में आस्तियों को फ्रीज कर दिया है। प्रतिबंध दुनिया के तीसरे सबसे गरीब देश को गहरे तक प्रभावित कर सकते हैं।

### पार्टी जीती तो नवाज होंगे पीएम!

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि यदि पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन)आगामी आम चुनाव में सत्ता में लौटती है तो पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ देश के अगले पीएम होंगे। शहबाज ने रविवार को कहा कि उनके बड़े भाई अगले कुछ दिनों में लौटेंगे। बता दें, हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद लंदन भागे वाले नवाज शरीफ भ्रष्टाचार मामले में 7 साल की जेल की सजा काट रहे थे।

## नॉर्थ कोरिया के तानाशाह की नई सनक...

# दफ्तर में लगाईं पुतिन की तस्वीरें

**एजेंसी** | सियोल

नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने एक सरकारी भवन में रूस के राष्ट्रपति पुतिन की बड़ी-बड़ी तस्वीरें लगवाईं हैं।

उत्तर कोरियाई राज्य मीडिया द्वारा साझा की गई तस्वीरों से पता चला है कि किम जोंग ने ऐसा रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू के आगमन से पहले करवाया है। दफ्तर की दीवारों पर कई जगह व्लादिमीर और किम जोंग उन की तस्वीरें दोनों की दोस्ती और नजदीकियों की कहानी बताती है। कोरियाई युद्ध की समाप्ति की 70वीं वर्षगांठ मनाने के लिए पिछले हफ्ते प्योंगयांग का दौरा किया था। उत्तर कोरिया में इस दिन को "विजय दिवस" के रूप में मनाया जाता है। विजय दिवस पर भले ही पुतिन सर्गेई शोइगू के साथ प्योंगयांग नहीं आए, लेकिन उन्होंने किम को एक पत्र भेजा था, जिसे कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने प्रकाशित किया था। इस चिट्ठी में, रूसी राष्ट्रपति ने यूक्रेन युद्ध पर मास्को का समर्थन करने पर उत्तर कोरिया सरकार की सराहना की और कहा कि दोनों देशों की दोस्ती और एकजुटता प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर हमारे सामान्य हितों को उजागर करती रही है।

**आकाश में अद्भुत नजारा**

# आज हमारे करीब आ रहे 'चंदा मामा'

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

खगोलीय घटनाओं में रुचि रखने वालों के लिए अगस्त का महीना काफी दिलचस्प रहेगा। दरअसल, इस महीने एक नहीं, बल्कि दो फुल मून नजर आने वाले हैं और दोनों ही सुपरमून हैं। इनमें से पहला फुल मून मंगलवार (1 अगस्त) को नजर आएगा, जिसे स्टर्जन मून के रूप में जाना जाता है।

सुपरमून होने के कारण यह चंद्रमा सामान्य फुल मून की तुलना में थोड़ा बड़ा और अधिक चमकीला दिखाई देता है, जिस वजह से इसका नजारा देखते ही बनता है। 'स्टर्जन मून' नाम का एक ऐतिहासिक महत्व है। यह तब रखा गया था, जब मूल अमेरिकियों, औपनिवेशिक अमेरिका और यूरोपीय लोगों ने फुल मून को देखा और उनके लिए खासतौर पर नाम दिए। सुपरमून तब दिखाई देता है जब चंद्रमा की कक्षा उसे सामान्य से अधिक पृथ्वी के करीब लाती है। यही कारण है कि आसमान में देखने वालों के लिए यह एक अद्भुत नजारा होता है।



### इस माह में दिखेंगे दो सुपरमून

1 अगस्त को स्टर्जन मून 2:32 बजे अपने पीक पर होगा। सूर्यास्त के बाद जब यह दक्षिण-पूर्व क्षितिज से ऊपर उठेगा तब यह पूरी तरह दिखाई देगा। 'सुपरमून' का टैग इसकी सुंदरता को बढ़ाता है, जिससे यह आम फुल मून की तुलना में बड़ा और चमकीला दिखाई देता है। साल 2023 सुपरमून के लिहाज से बेहद खास है, जिसमें कुछ चार ऐसी घटनाएं होंगी। 30 अगस्त का फुल मून एक ब्लू मून होगा, जो अगस्त महीने का दूसरा फुल मून होगा।

### जुलाई में दिखा पहला सुपरमून

हर फुल मून का नाम सांस्कृतिक महत्व रखता है और यह विभिन्न परंपराओं से जुड़ा होता है। इससे पहले 3 जुलाई को दुनिया के कई हिस्सों में सुपरमून देखा गया था। यह साल का पहला सुपरमून था, जिसे 'बक मून' भी कहा गया। इस दौरान चंद्रमा और पृथ्वी के बीच 3,61,934 किमी की दूरी थी, जो सामान्य से 22,466 किमी कम थी। एक आम फुल मून की तुलना में 5.8 प्रतिशत बड़ा और 12.8 प्रतिशत चमकीला नजर आया था।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl